

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-30 अंक-310 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शनिवार 25 जनवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


**मुख्यमंत्री ने केबिनेट बैठक के पूर्व मंत्रि-परिषद के सदस्यों को किया संबोधित**

# मध्यप्रदेश ने देश में सबसे पहले लागू की है "ई-समन" व्यवस्था : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## परिवार और समाज के हित में 19 धार्मिक नगरों व ग्राम पंचायतों में पूर्ण शराबबंदी



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई की 300वीं जयंती के उपलक्ष में मंत्रि-परिषद की बैठक का आयोजन माँ नर्मदा के किनारे होल्कर शासकों की राजधानी रहे महेश्वर में किया गया। देवी अहिल्या माता हों या रानी दुर्गावती, दोनों ने ही विदेशी आक्रांताओं के विरुद्ध संघर्ष के साथ सुशासन स्थापित करते हुए नारी सशक्तिकरण के अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन के अनुसार गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी सशक्तिकरण के चार स्तंभों पर आधारित व्यवस्था के अंतर्गत मंत्रि-परिषद की बैठक में महिला नीति संबंधित विषय पर महत्वपूर्ण निर्णय प्रस्तावित हैं। शराब, सामाजिक बुराई है, इससे पारिवारिक स्तर पर समस्याएं होने के साथ ही समाज में कई प्रकार की समस्याएं उत्पन्न होते हैं, पारिवारिक और सामाजिक हित में 19 धार्मिक नगरों और ग्राम पंचायतों में शराबबंदी के संबंध में निर्णय लिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंत्रि-परिषद की बैठक से पहले मंत्रि-परिषद के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रख्यात विधि विशेषज्ञ थे। उनकी जन्म स्थली महू में स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय को सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के रूप में भी विकसित किया जाएगा।

विश्वविद्यालय में विधि संकाय स्थापित करने के उद्देश्य से आधारभूत संरचनाओं के लिए 25 करोड़ रुपए का प्रस्ताव भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जानकारी दी कि भोपाल में दिनांक 23 जनवरी को लोकार्पित सेतु का नामकरण डॉ. अंबेडकर पर किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तीन नए आपराधिक कानून के क्रियान्वयन के अंतर्गत मध्यप्रदेश ने देश में सबसे पहले ई-समन व्यवस्था लागू की। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा नए आपराधिक कानून के क्रियान्वयन के संबंध में नई दिल्ली में ली गई बैठक में नए कानूनों के क्रियान्वयन की दृष्टि से मध्यप्रदेश की अग्रणी व आदर्श राज्य के रूप में सराहना हुई। इस व्यवस्था से पुलिस बल के समय और संसाधनों की बचत होगी।

### माँ नर्मदा के आशीर्वाद से निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है मध्यप्रदेश : मुख्यमंत्री डॉ. यादव


**मुख्यमंत्री ने महेश्वर में माँ नर्मदा के घाट पर की पूजा-अर्चना**



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को लोकमाता अहिल्याबाई की पावन नगरी महेश्वर में नर्मदा के घाट पर माँ नर्मदा की पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि माँ नर्मदा के आशीर्वाद से मध्यप्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने माँ नर्मदा से प्रदेश की समृद्धि और प्रदेशवासियों की खुशहाली के लिये कामना की।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद के सदस्यों के साथ माँ नर्मदा को चुनरी अर्पित कर दुग्ध अभिषेक भी किया। नर्मदा पूजन में 20 स्थानीय पंडितों द्वारा नर्मदाष्टक का उच्चारण कर विधि-विधान से पूजन कराया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव और मंत्रि-परिषद के सदस्य शुक्रवार को केबिनेट बैठक के लिये महेश्वर पहुँचे थे।

### मुख्यमंत्री ने 982.59 करोड़ की महेश्वर-जानापाव परियोजना सहित 1042.24 करोड़ रुपये के निर्माण कार्यों का किया शिलान्यास एवं लोकार्पण

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि महेश्वर-जानापाव उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना अब लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के नाम से जानी जायेगी। देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती के उपलक्ष में महेश्वर में आयोजित डेस्टिनेशन केबिनेट और मण्डलेश्वर से महेश्वर-जानापाव माइक्रो सिंचाई परियोजना सहित 1042.24 करोड रुपये के निर्माण कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण पुण्य-श्लोका देवी अहिल्याबाई के प्रति राज्य सरकार का पुण्य स्मरण और उनके बताये मार्गों पर चलने का एक प्रयास भर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात खरगौन जिले के मण्डलेश्वर में सिंचाई परियोजना के शिलान्यास के साथ अन्य विकास कार्यों के भूमि-पूजन एवं लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने मण्डलेश्वर में 994.72 करोड रूपए के 7 कार्यों का शिलान्यास और 47.52 करोड रूपए के 20 कार्यों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिये गये ज्ञान पर ध्यान'' के मंत्र को साकार करने की दिशा में कार्य करते हुए गरीब, युवा, महिला और नारी सशक्तिकरण के लिये कृत-संकल्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि मण्डलेश्वर से 1042.24 करोड रुपये के 27 कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास से क्षेत्रवासियों को विकास की अभूतपूर्व सौगात मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार प्रदेश के 2 लाख अस्थायी पम्पधारक किसानों को सौर ऊर्जा के उत्पादन में आत्म-निर्भर बनाने जा रही है।



प्रयागराज में 45 दिवसीय महाकुंभ मेला 2025 के बारहवें दिन एक भक्त गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम पर अपने शिविर में एक साधु से आशीर्वाद प्राप्त करता है।

## घर में सरस्वती-लक्ष्मी पूजा और फिर ये सब', सुप्रीमकोर्ट ने क्यों शख्स को लगाई कड़ी फटकार



नई दिल्ली/रांची (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने दहेज प्रताड़ना के केस में सजायाफ्ता झारखंड के हजारीबाग निवासी योगेश्वर साव नामक एक शख्स की याचिका पर सुनवाई करते हुए शुक्रवार को तल्ख टिप्पणी की। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने पत्नी को प्रताड़ित करने और बेटियों की उपेक्षा करने पर शख्स को कड़ी फटकार लगाई।कोर्ट ने टिप्पणी की, आप किस तरह के आदमी हैं, जो अपनी बेटियों की भी परवाह नहीं करते? हम ऐसे निर्दयी व्यक्ति को अपनी अदालत में कैसे आने दे सकते हैं। सारा दिन घर पर कभी सरस्वती पूजा और कभी लक्ष्मी पूजाञ् और फिर ये सब। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि अपीलकर्ता अपनी बेटियों को कृषि भूमि हस्तांतरित करने के लिए सहमत होता है, तभी उसे राहत देने का कोई आदेश पारित किया जाएगा।कटकमदाग गांव के निवासी योगेश्वर साव उर्फ डब्लू साव को अपनी पत्नी पूनम देवी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने के मामले में हजारीबाग जिले के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने धारा 498-ए के तहत 2015 में ढाई साल की सजा सुनाई थी। अदालत ने उन्हें 50,000 रुपए के दहेज की मांग को लेकर अपनी पत्नी को प्रताड़ित करने का दोषी पाया था। योगेश्वर साव और पूनम देवी की शादी 2003 में हुई थी।

### आम लोगों को झटका : बस में सफर करना हुआ महंगा, ऑटो-टैक्सी का किराया भी बढ़ा

मुंबई (आरएनएस)। महाराष्ट्र की फडणवीस सरकार ने आम जनता को बड़ा झटका देते हुए सार्वजनिक परिवहन के किराए में भारी वृद्धि की है। इस फैसले के तहत बस, ऑटो-रिक्शा और टैक्सी तीनों के किराए बढ़ा दिए गए हैं, जिसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ेगा। राज्य सरकार ने आज से ही राज्य परिवहन की बसों का बढ़ा हुआ किराया लागू कर दिया है। महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम के अनुसार, बसों के किराए में 15 प्रतिशत की वृद्धि को मंजूरी दे दी गई है, जो आज मध्यरात्रि से लागू हो गई है।

### अब विकास और सुशासन पर होते हैं चुनाव : शिवराज सिंह चौहान



पटना (आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को एकदिवसीय बिहार दौरे पर पटना पहुंचे। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 24 फरवरी के संभावित दौरे को लेकर अपनी बात कही। इसके अलावा दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर भी अपनी प्रतिक्रिया दी।

पटना में पत्रकारों से चर्चा के दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि के क्षेत्र में अच्छे काम के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में अच्छे काम के लिए मैं मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अगले महीने बिहार के संभावित दौरे को लेकर कहा, प्रधानमंत्री 24 फरवरी को किसान सम्मान निधि के वितरण और किसानों का सम्मान करने के लिए यहां पधारेंगे। दिल्ली चुनाव को लेकर पूछे गए एक सवाल पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, अब चुनाव विकास पर होते हैं। सुशासन पर होते हैं।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या के मिल्कीपुर में उपचुनाव से पहले चुनाव प्रचार के दौरान।

## बाहुबली अनंत सिंह ने कोर्ट में किया सरेंडर, उधर थाने पहुंचकर गैंगस्टर सोनू ने खुद को किया पुलिस के हवाले



नई दिल्ली,(आरएनएस)। बिहार के बाहुबली पूर्व विधायक अनंत सिंह ने मोकामा गैंगवार से जुड़े मामले में सरेंडर कर दिया है। अनंत सिंह शुक्रवार दोपहर को सरेंडर करने कोर्ट पहुंचे। अनंत सिंह उर्फ छोटे सरकार के समर्थकों और सोनू-मोनू गैंग के बीच बुधवार को झड़प हो गई थी। दोनों ओर से फायरिंग की गई। इस बीच, आज अनंत सिंह से मदद मांगने वाले मुकेश को सोनू-मोनू गैंग ने निशाना बनाया। हमजा गांव में मुकेश के घर पर इस गैंग से जुड़े बदमाशों ने फायरिंग की। इसके बाद आरोपी सोनू सिंह और सहयोगी रौशन ने थाने में सरेंडर कर दिया। इसी बीच, खबर है कि अनंत सिंह ने भी सरेंडर कर दिया है। उन्होंने बाढ़ कोर्ट में सरेंडर किया है। वहीं, आज फायरिंग मामले में ही सोनू गैंगस्टर ने भी सरेंडर किया था।

अनंत सिंह के समर्थकों और सोनू-मोनू गैंग के बीच हुई झड़प का कारण मुकेश है। सोनू-मोनू का ईंट भट्ठा का कारोबार भी है। इस कारोबार को संभालने के लिए सोनू-मोनू ने मुकेश को बतौर मैनेजर रखा था। आरोप है कि मुकेश ने सोनू-मोनू के कारोबार से संबंधी 65 लाख रुपये का गबन किया है। 65 लाख रुपये के गबन मामले में सोनू-मोनू ने मुकेश के घर पर ताला लगा दिया था। इसी बात की शिकायत करने मुकेश अनंत सिंह के पास पहुंचा था। शिकायत मिलने के बाद अनंत सिंह ने सोनू-मोनू से बात भी की, लेकिन ये दोनों अड़ गए और घर का ताला नहीं खुला।

**तीसरी आंख**




### राजस्थान : बीकानेर में बस और कार की आमने-सामने टक्कर, 3 लोगों की मौत

बीकानेर(आरएनएस)। राजस्थान में बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर शुक्रवार को बस और कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई।ये हादसा नेशनल हाईवे पर श्रीडूंगरगढ़ के पास ही स्थित कीतासर गांव में हुआ है। न्यू दीप ट्रेवल्स की बस जयपुर जा रही थी और कार जयपुर से बीकानेर की ओर आ रही थी। इस दौरान नेशनल हाईवे पर कीतासर के पास स्थित पेट्रोल पंप के मोड़ पर बस और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

## महाकुंभ 2025 के 12वें दिन भी श्रद्धालुओं का जोश हाई पर, लाखों ने लगाई संगम में डुबकी

**-सुरक्षा के इंतजाम और स्वच्छता को लेकर मोदी और योगी को दे रहे साधुवाद**



प्रयागराज,(ए)। तीर्थराज प्रयागराज में महाकुंभ 2025 का आयोजन हो रहा है। इसमें रोजाना लाखों श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। महाकुंभ के 12वें दिन भी श्रद्धालु अच्छी खासी संख्या में दिखाई दिए। इस दौरान संगम में डुबकी लगाने पहुंचे कई श्रद्धालुओं ने कहा कि ऐसी व्यवस्था की उन्हें उम्मीद नहीं थी। 13 जनवरी को शुरू हुए महाकुंभ 2025 को अब 12 दिन हो चुके हैं। लेकिन अभी भी श्रद्धालुओं का जोश ठंडा नहीं पड़ा है, उनका आना जारी है। शुक्रवार को भी लाखों श्रद्धालु गंगा, यमुना और अदृश्य हो चुकी सरस्वती के त्रिवेणी तट पर ब्रह्म मुहूर्त से ही आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। महाकुंभ में नेपाल से भी लोग संगम स्नान करने आ रहे हैं। उन्होंने विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन की सुव्यवस्था देखकर शासन-प्रशासन की तारीफ की और मुख्यमंत्री योगी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को साधुवाद दिया। नेपाल से आए पारस ने बताया कि महाकुंभ में आकर बहुत खुशी हो रही है, इस शब्दों में बयां नहीं कर सकता। मैंने सोचा नहीं था कि इतनी अच्छी व्यवस्था होगी। वहीं, सुरक्षा के भी इंतजाम पुख्ता हैं। पीएम मोदी को इसके लिए बहुत धन्यवाद देना चाहूंगा। इसतरह एक एक श्रद्धालु भीड़ नियंत्रण को लेकर तत्पर टीम की प्रशंसा करते नहीं थके। उन्होंने कहा, इस बार महाकुंभ की बहुत अच्छी व्यवस्था है। नहाने के लिए विशेष ख्याल रखा गया है।

भीड़ को नियंत्रित करने का विशेष ख्याल रखा गया है। स्टेशन से लेकर घाट तक सुरक्षा का विशेष इंतजाम है। कोई परेशानी नहीं हो रही है।वहीं एक महिला श्रद्धालु जो कि प्रयागराज से ही हैं। उन्हें मेला क्षेत्र की स्वच्छता पसंद आ रही है।

उन्होंने कहा, इस बार कुंभ की व्यवस्था बहुत अच्छी की गई है। साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखा गया है, जहां भी हल्की गंदगी हो रही है, सफाईकर्मी उस गंदगी को तुरंत साफ कर दे रहे हैं।

### महिला ने छत से कूदकर की खुदकुशी, लाइव वीडियो आया सामने

नोएडा (आरएनएस)। नोएडा में सर्फाबाद गांव के पास बनी इमारत से एक महिला के सुसाइड करने का लाइव वीडियो सामने आया है।

बताया जाता है कि महिला 5 से 6 मंजिला मकान की छत के पीछे के हिस्से में पैर लटकाकर बैठी थी। नीचे से कुछ लोगों ने उसे देख लिया। काफी देर तक महिला इसी तरह बैठी रही और सोचती रही। नीचे खड़े लोग आवाज देते रहे। लेकिन, उसने किसी की नहीं सुनी।करीब एक से दो मिनट बाद महिला छत से पीछे की तरफ कूद गई। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि, पुलिस इस वीडियो की पुष्टि नहीं कर रही है।बताया जा रहा है कि इससे एक दिन पहले भी एक महिला इसी बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या कर चुकी है। हालांकि, दोनों महिलाओं में कोई संबंध नहीं बताया गया है। दोनों ही इसी बिल्डिंग में रहती थी।





## बीना-रूठियाई मेमू ट्रेन 25 जनवरी को गुना स्टेशन तक ही चलेगी

भोपाल,(आरएनएस)। रेल प्रशासन द्वारा अधोसंरचना कार्य के कारण 25 जनवरी को एक ट्रिप के लिए गाड़ी संख्या 61611/61612 बीना-रूठियाई मेमू ट्रेन का शॉर्ट टर्मिनेट किया जाएगा। रेलवे की विज्ञप्ति के अनुसार, यह परिवर्तन महूगुड़ा स्टेशन के पास लेवल क्रॉसिंग संख्या 68 पर गार्डर लॉन्चिंग के लिए तीन घंटे के ब्लॉक के कारण किया गया है। इस अवधि में यह ट्रेन गुना-रूठियाई-गुना खंड के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

## पीएमश्री कॉलेजों के अतिथि विद्वानों की चॉइस फिलिंग 20-25 तक

भोपाल, (आरएनएस)। पीएम कॉलेज ऑफएक्सीलेंस में कार्यरत अतिथि विद्वानों को नजदीकी कॉलेजों में भेजा जाएगा। इसको लकर उच्च शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किए हैं। पीएमश्री कॉलेजों में अन्य कॉलेजों से सहायक प्राध्यापकों को रिडिप्लाय किया गया है। इस कारण विभाग ने यह निर्णय लिया है। इसके लिए चॉइस फिलिंग 20 से 25 जनवरी और कॉलेज में उपस्थिति होने की तिथि 28 से 31 जनवरी निर्धारित की गई है।

## हमीदिया कॉलेज में राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

भोपाल,(आरएनएस)। भारतीय ज्ञान परंपरा अकादमि एवं सांस्कृतिक गतिविधियां 2024-25 के अंतर्गत गत दिवस राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता हमीदिया कॉलेज में आयोजित किया गया। इसका विषय भारतीय ज्ञान परंपरा में विश्व शांति एवं सहिष्णुता के तत्व था। इसमें मप्र के नौ संभागों के 16 चयनित प्रतिभागी शामिल हुए। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि दत्तोपंद ठेंगड़ी शोध संस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश मिश्र थे।

## प्री-बोर्ड परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं से दसवीं और 12वीं के विद्यार्थियों की कराई जाएगी तैयारी

भोपाल,(आरएनएस)। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में दसवीं व 12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। ये परीक्षाएं 24 जनवरी को समाप्त होंगी। इसके बाद इन कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए स्कूलों में विशेष कक्षाएं चलाई जाएंगी। इसमें डाउट क्लियर किए जाएंगे। अब बोर्ड परीक्षा में करीब एक माह का समय शेष है। ऐसे में अब स्कूलों में छमाही व प्री-बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के माध्यम से विद्यर्थियों को कमजोर विषयों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके तहत विभिन्न सेक्शन के विद्यार्थियों के लिए एक साथ गणित, अंग्रेजी, विज्ञान और अन्य ऐसे विषयों की कक्षाएं लगेंगी, जिसमें विद्यार्थियों के परिणाम अच्छे नहीं रहे हैं। स्कूलों में विद्यार्थियों को प्री-बोर्ड की उत्तरपुस्तिकाएं भी दिखाई जा रही हैं।

## 74 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्रमांक 47 में होंगे विकास कार्य

भोपाल।(आरएनएस)। विधायक भगवानदास सबनानी व महापौर मालती राय ने वार्ड क्रमांक 47 में विभिन्न विकास कार्यों हेतु भूमिपूजन किया। नगर निगम द्वारा लगभग 74 लाख रूपये की लागत से यह विकास कार्य कराए जा रहे हैं।विधायक भगवानदास सबनानी व महापौर मालती राय ने गुरूवार को पंचशील नगर में वार्ड क्रमांक 47 के अंतर्गत सीमेंट कांक्रीटीकृत सड़क, स्कूल की बाउंड्रीवाल सहित अन्य विकास कार्यों हेतु विधिवत भूमिपूजन किया।भूमिपूजन अवसर पर स्थानीय पार्षद गिरिजा व्यास सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## प्रदेश में टॉप आने पर ग्राम जामगोद में जाकर किया दीपिका पाटीदार का स्वागत

भौंरासा (आरएनएस)। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा परीक्षा 2022 के रिजल्ट जारी किए। इसमें सोनकच्छ विधानसभा के एक छोटे से ग्राम जामगोद की बेटी दीपिका गोपालसिंह पाटीदार ने पूरे प्रदेश में टॉप कर सौनकच्छ विधानसभा का नाम पूरे प्रदेश में गौरवांवित किया है। दीपिका की इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल व्याप्त है। प्रतिदिन लोग बधाई देने उनके गृह निवास पहुंच रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत काकड़ादा के सरपंच सुमेरसिंह नागर, सचिव राजेंद्र वर्मा, रूपसिंह नागर व डॉ. अरविंद नागर ने दीपिका को श्री खाटू श्याम बाबा की स्मृति चिन्ह भेंट कर पुष्पमाला से स्वागत किया व साथ ही दीपिका के माता-पिता को बधाई शुभकामनाएं दी।

वही सरपंच सुमेरसिंह नागर ने कहा, कि क्षेत्र के लिए और हमारे देवास जिले के लिए यह बहुत ही गर्व की बात है।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर कांग्रेसजनों ने किया उनका पुण्य स्मरण

भोपाल।(आरएनएस)। महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आज कांग्रेसजनों ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय एवं ओल्ड सुभाष स्कूल के समीन स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर उनकी प्रतिमा एवं चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण किया। कांग्रेसजनों ने स्वर्गीय सुभाष चंद्र बोस का स्मरण करते हुये कहा कि नेताजी भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी तथा सबसे बड़े नेता थे। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान, अंग्रेज़ों के खिलाफ लड़ने के लिए, उन्होंने जापान के सहयोग से आज़ाद हिन्द फ़ौज की स्थापना की। उनके द्वारा दिया गया 'जय हिन्द' का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है।

# राज्यपाल श्री पटेल गणतंत्र दिवस पर भोपाल में फहरायेंगे ध्वज

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर में फहरायेंगे ध्वज





भोपाल, (आरएनएस)। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल गणतंत्र दिवस-26 जनवरी को भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ध्वज फहरायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर में ध्वज फहरायेंगे। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर मुरैना जिले में और जिला मुख्यालयों पर मंत्रीगण एवं कलेक्टर ध्वज फहराकर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा देवास, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रीवा, पंचायत और ग्रामीण विकास, श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सागर, जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह झाबुआ, नगरीय विकास एवं आवास, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय धार, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह जबलपुर, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा सिवनी, परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रतापसिंह कटनी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके अलीराजपुर, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ग्वालियर, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना दतिया, महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया नीमच, खाद्य, आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत नरसिंहपुर, खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग हरदा, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण, उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह निवाडी, अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान उमरिया, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर शिवपुरी, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला श्योपुर, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप रतलाम, उच्च शिक्षा, आयुष एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार पन्ना में ध्वज फहराएंगे।पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर टीकमगढ़, कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल सीधी, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल उज्जैन, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन सिंह पटैल दमोह, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पंवार रायसेन, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल बैतूल, नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी सतना, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार अनूपपुर एवं पंचायत और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री श्रीमती राधा सिंह मैहर में ध्वज फहराकर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। जिला मुख्यालय छिंदवाड़ा, खरगौन, बड़वानी, सिंगरौली, बुरहानपुर, गुना, अशोकनगर, भिंड, मऊगंज, छतरपुर, सीहोर, खंडवा, राजगढ़, नर्मदापुरम, मंडला, बालाघाट, पांढुर्णा, शाजापुर, आगर-मालवा, मंदसौर, शहडोल, विदिशा और डिंडौरी में जिला कलेक्टर ध्वज फहराकर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे।

## 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलायी गयी



भोपाल ( निप्र)। अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल ने मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलायी। शपथ में अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म,वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली गयी। इस अवसर पर सचिव अनिल सुचारी सहित मंत्रालय एवं सतपुड़ा-विंध्याचल भवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## महिला रिसेप्शनिस्ट के साथ हुई घटना महिला एवं केयर टेकर का निजी मामला,निगम के रैन बसेरा कार्य से कोई संबंध नहीं

भोपाल (आरएनएस)। रैन बसेरा के केयर टेकर और महिला रिसेप्शनिस्ट के संबंध में छपी खबर का निगम के रैन बसेरे से कोई संबंध नहीं है। उक्त प्रकरण संज्ञान में आने पर निगम प्रशासन ने नेहरू नगर रैन बसेरे के 29 दिवसीय कर्मचारी को तत्काल सेवा से पृथक कर दिया है। उक्त घटना केयर टेकर व रिसेप्शनिस्ट का निजी मामला है और इसका निगम के रैन बसेरे के कार्य से कोई संबंध नहीं है। निगम प्रशासन ने बुधवार को राजधानी के समाचार पत्रों में रैन बसेरे के केयर टेकर एवं कांस्ट्रक्शन कंपनी की रिसेप्शनिस्ट की घटना संबंधी समाचार प्रकाशित होने पर निगम प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए नेहरू नगर रैन बसेरे में 29 दिवसीय कर्मचारी के रूप में पदस्थ दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी हिमांशु मैना को तत्काल सेवा से पृथक कर दिया है। उक्त घटना हिमांशु एवं रिसेप्शनिस्ट का निजी मामला है ।

## मप्र में गंभीर अपराधों के 72 प्रतिशत से अधिक मामलों में बच निकलते हैं आरोपित

भोपाल(आरएनएस)। दुष्कर्म सहित अन्य गंभीर अपराधों में भी बेटियों और महिलाओं को न्याय नहीं मिल पा रहा है। स्थिति यह है कि लगभग 75 प्रतिशत मामलों में आरोपित बच सकते हैं। इसके पीछे बड़ी वजही यह है कि दबाव में पीड़िताएं अपना बयान बदल लेती हैं। इसके अतिरिक्त साक्ष्य संकलन की कमजोरियां ओर विवेचना में देरी के चलते भी पीड़िताओं को न्याय नहीं मिल पा रहा है। गृह विभाग की एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2003 में गंभीर महिला अपराधों के संबंध में 7048 मामलों पर जिला एवं सत्र न्यायालयों में निर्णय हुआ। इनमें 5571 में आरोपित बरी हो गए। मात्र 1477 मामलों में ही सजा हो पाई। इसी तरह कुल 21 प्रतिशत मामलों में ही सजा हुई है। इसी तरह से वर्ष 2024 में जनवरी से सितम्बर के बीच 4357 प्रकरणों में निर्णय हुआ। इसमें 835 में ही सजा हुई। जानकारी के मुताबिक 3522 मामलों में आरोपित बच गए यानी 19 प्रतिशत में ही दंड मिला। इनमें दुष्कर्म, सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या, हत्या के प्रयास, एसिड अटैक, दहेज हत्या आदि मामले शामिल हैं।

कहानी चीता वापसी की

## केन्द्र और राज्य सरकार ने मिलकर रचा वन्यजीव संरक्षण का इतिहास

भोपाल(आरएनएस)। नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में मध्यप्रदेश की आकर्षक झांकी में इस बार कूनो पालपुर राष्ट्रीय उद्यान में हुई चीता की वापसी की झलक दुनिया के सामने प्रदर्शित होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य सरकार की वन्यजीव संरक्षण के लिये प्रतिबद्धता को दोहराया है।भारत में चीते की वापसी अंतरमहाद्वीपीय वन्यजीव स्थानांतरण की ऐतिहासिक पहल है। यह 1950 के दशक में विलुप्त हो गए चीते की आबादी को फिर से स्थापित करने में भारत को मिली ऐतिहासिक सफलता है। अफ्रीका से स्वस्थ चीतों की परिवहन प्रक्रिया भारत के वन्यजीव संरक्षण इतिहास में एक मील का पत्थर है।भारत में 17 सितंबर 2022 को आठ चीतों का पहला समूह आया, जिसमें 5 मादाएं और 3 नर चीते थे। नामीबिया से कूनो राष्ट्रीय उद्यान श्योपुर में इन्हें स्थानांतरित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन्हें कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ने की सम्पूर्ण प्रक्रिया की सतत मॉनीटरिंग की। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका से 18 फरवरी 2023 को दूसरा समूह पहुंचा, इनमें 12 चीते (7 नर और 5 मादा) थे। प्रोजेक्ट चीता एक उल्लेखनीय वैज्ञानिक उपलब्धि के



रूप में हमारे सामने है, जो राष्ट्रीय गौरव की पुनर्स्थापना में योगदान कर रहा है। इसने भारत के वन्यजीव संरक्षण प्रयासों के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ा है। चीते को भारत में फिर से वापस लाने से पहले उनके लिए एक आदर्श रहवास का चयन करने के लिए बहुत सावधानी से योजना बनाई गई। ईरान से एशियाई चीते के अस्तित्व के अभाव को देखते हुए दुनिया भर के प्रसिद्ध संरक्षणवादी, आनुवंशिकीविदों से परामर्श किया गया। दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया से आए उप-प्रजातियों को सबसे उपयुक्त माना गया, जो स्थिर और पर्याप्त आबादी का समर्थन करते हैं।

भारत में चीतों का आगमन

भारतीय वन्यजीव संस्थान ने 2022 में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के मार्गदर्शन में एक व्यापक वैज्ञानिक कार्य योजना तैयार की। यह ऐतिहासिक पहल अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ (आईयूसीएन) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप है, जो मांसाहारी प्रजातियों के स्थानांतरण के लिए एक रणनीतिक और पारिस्थितिकीय दृष्टिकोण को सुनिश्चित करती है

भारत में चीते की वापसी की पहल सिर्फ एक परियोजना नहीं है, बल्कि उनके मौलिक रहवासों के पुनर्स्थापना का एक वैज्ञानिक प्रोटोटाइप है। यह ग्रासलैंड पारिस्थितिकी को पुनर्जीवित करने और स्थानीय जैव-विविधता का संरक्षण करने की पहल है।चीते की वापसी की योजना ने ऐतिहासिक जैव पारिस्थितिकी के नाजुक संतुलन को बनाये रखने के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य किया है।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की ब्रेन्ड एम्बेसडर सुश्री भावना ने माउंट एकॉनकागुआ में फहराया भारत का झंडा



भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की ब्रेन्ड एम्बेसडर पर्वतारोही सुश्री भावना डेहरिया ने दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊँची चोटी माउंट एकॉनकागुआ (6961 मीटर) पर सफलतापूर्वक चढ़ाई कर भारत का झंडा फहराया है। उन्होंने यह उपलब्धि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के 10 वर्षों को समर्पित किया है। महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने भावना की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि म ध्यप्रदेश की बेटी ने न सिर्फ सम्पूर्ण भारत को गौरवान्वित किया है बल्कि यह संदेश भी दिया है कि बेटियाँ बेटों से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि सुश्री भावना की इस उपलब्धि से समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक बदलाव के साथ उन्हें अपने सपनों को साकार करने की दृढ़ता मिलेगी।

## भोपाल में फिर डॉग बाइटः 9 साल के बच्चे पर किया हमला, कुत्तों के झुंड ने कई जगह नोंचा

भोपाल(आरएनएस)। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आवारा कुत्तों का आतंक जारी है। शासन और निगम प्रशासन द्वारा आवारा कुत्तों की धरपकड़ के बाद भी काटने के कई मामले सामने आ रहे हैं। ताजा मामला भोपाल में फिर डॉग बाइट का है जहां 9 साल के बच्चे पर कुत्तों ने हमला कर दिया। दरअसल घटना करोंद स्थित संजीव नगर की है जहां आवारा डॉग्स के झुंड ने बच्चे पर हमला कर दिया। बच्चा गार्डन में खेल रहा था, तभी डॉग्स ने उस पर हमला कर दिया। कुत्तों ने पहले झपट्टा मारकर बच्चे को गिराया फिर हाथ-पैर और शरीर पर कई जगह काटा और खरोंच आई है। आसपास के लोगों ने पत्थर मारकर डॉग्स को किसी तरह भगाया।

## क्षेत्र का विकास ही एकमात्र लक्ष्य-भगवानदास सबनानी

भोपाल।(आरएनएस)। खूबसूरत शहर भोपाल में निरंतर विकास की गंगा बहाई जा रही है, विधानसभा क्षेत्र दक्षिण-पश्चिम में भी क्षेत्र के विधायक भगवानदास सबनानी और महापौर मालती राय के द्वारा जनता की सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। गुरुवार को



दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 47 में 44 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड का भूमि पूजन भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी और महापौर मालती राय के द्वारा किया गया। नागरिकों की सुविधाओं का विस्तार हो उन्हें आवा-गवन के साथ ही मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिलता रहे इसके लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहे हैं।भूमिपूजन के अवसर पर क्षेत्र के लोकप्रिय भगवानदास सबनानी ने कहा कि जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाना और जनता की समस्याओं के निराकरण में हर संभव प्रयास करना ही मेरी प्राथमिकता है। शहर में आज ही माननीय मुख्यमंत्री द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर ब्रिज का लोकार्पण किया गया है। जो हमारे शहर के लिए एक अद्भुत सौगात है, जनता के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वाहन करना ही हमारी सरकार की पहचान है।

## बदमाश ने युवक के दरवाजे पर पेट्रोल डालकर लगा दी आग

**- फरियादी ने झगड़ा होने पर किया था बीच बचाव, गाड़ी भी आई आग की चपेट में**

भोपाल(ए)। राजधानी के अशोका गार्डन थाना इलाके में बैखौफ बदमाशों ने एक युवक के घर पर जाकर घर के दरजवो पर पैट्रौल डालकर आग लगा दी। आग की चपेट में आने से दरवाजे के पास खड़ा दो पहिया वाहन भी जल गया। मिली जानकारी केअनुसार कुछ दिन पहले आदतन बदमाश रवि पेंटर का पुष्पा नगर में किसी से झगड़ा हो गया था। उस समय मौके पर मौजूद फरियादि आकाश ने समझाइश देते हुए बीच-बचाव करवा दिया। इस बात को लेकररवि उससे रजिंश रखे हुए था। आरोप है कि इसी बात को लेकर बीती देर रात बदमाश रवि पेंटर अपने एक अन्य साथी के साथ आकाश के घर जा धमका। आरोपी ने घर के बाहर खड़े होकर धमकी दी इसके बाद अपने पास रखी बॉटल निकालकर उसमें भरा पैट्रोल दरवाजे पर डाल कर आग लगा दी। दरवाजा आग की चपेट में आ गया साथ ही बाहर खड़ा फरियादी का दो पहिया वाहन भी आग की चपेट में आकर जल गया। बदमाश की करतूत घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है, जिसके फुटेज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी वायरल हो रहे है। फरियादी ने मामले की शिकायत पुलिस से की है।

### शासकीय शालाओं में 26 जनवरी पर विशेष भोज का आयोजन होगा

दतिया।(आरएनएस)। जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र दतिया ने जानकाी देते हुए बताया कि गणतंत्र दिवस का आयोजन देश के प्रेम और राष्ट्रीयता की अभिव्यक्ति का प्रतीक है। जिसमें शालाओं में विद्यार्थीगण भी शामिल होते हैं। इस राष्ट्रीय पर्व को शाला स्तर पर उत्वस के रूप में मनाने हेतु गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 को पीएम पोषण के अंतर्गत शासकीय एवं शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं एवं मदरसे जिन्हे सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत सहायता दी जा रही है। उनमें विशेष भोज का आयोजन किया जाना है।जिला दतिया अंतर्गत समस्त मध्यान्ह भोजन प्राप्त करने वाले शासकीय एवं शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं एवं मदरसे के सचिव, प्रभारी प्रधानाध्यापकों एवं स्वसहायता समूहों का निर्देशित किया जाता है वह अपने-अपने विद्यालयों में 26 जनवरी 2025 को विशेष भोज में विद्यार्थियों को पूरी, सब्जी, खीर अथवा हलुआ तथा इसके साथ लडडूओं का भी वितरण कराना सुनिश्चित करेंगे।

## राजभवन का अवलोकन शनिवार को 2 बजे से और रविवार को 11 बजे से

### विशेष आकर्षण- संविधान आधारित प्रदर्शनी और ओपन थिएटर आगंतुक उपहार गैलरी, ऐतिहासिक तोप और बैंक्वेट हॉल भी देख सकेंगे पर्यटक

भोपाल (निप्र) राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल के निर्देशानुसार 24 से राजभवन 27 जनवरी 2025 तक खोला जा रहा है। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आगंतुकों के लिए संविधान की थीम पर आधारित प्रदर्शनी और ओपन थिएटर विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। ओपन थिएटर में अमर शहीदों की गौरव गाथा और विकास पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। इस संबंध में राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव के.सी. गुप्ता ने बताया कि नागरिक 25 जनवरी से 27 जनवरी 2025 तक निर्धारित अवधि में राजभवन का अवलोकन कर सकेंगे। राजभवन 25 और 27 जनवरी को दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक आम नागरिकों के लिए खुला रहेगा। इसी प्रकार 26 जनवरी, 2025 गणतंत्र दिवस को प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक राजभवन भ्रमण की अनुमति रहेगी। तीन दिनों की अवधि में राजभवन में प्रवेश




और निकास गेट नंबर- 2 से ही होगा। आगंतुकों की वाहन पार्किंग मिंटो हॉल परिसर में की जा सकेगी।

### संविधान सभा में प्रदेश के योगदान पर केन्द्रित होगी वीथिका

राजभवन में गणतंत्र दिवस के अवसर पर संविधान में आर्ट एन्ड कैलीग्राफी पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई है। इस अवसर पर संविधान निर्माण सभा के प्रमुख व्यक्तित्व और संविधान सभा में मध्यप्रदेश की हस्तियों पर केन्द्रित वीथिका भी है। आगंतुक, संदीपनि सभागार स्थित उपहार गैलरी, आर्टिफिशियल वाइल्ड-लाइफ पर आधारित पंचतंत्र उद्यान, सुन्दर-सुसज्जित लॉन, विभिन्न प्रजातियों के मनमोहक फूल-पेड़-पौधों का अवलोकन कर सकेंगे। इसी प्रकार 1796 ई. की तोप और 1887 ई. में बने सुन्दर बैंक्वेट हॉल का वास्तुशिल्प भी ऐतिहासिक और विशेष दर्शनीय है। आगंतुक 27 जनवरी को राजभवन भ्रमण के दौरान लाल परेड ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह की प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार प्राप्त विभागीय झांकियों का भी अवलोकन कर सकेंगे।




मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने मंडलेश्वर में महेश्वर-जानापाव माइक्रो उदवहन सिंचाई परियोजना के शिलान्यास समारोह में हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए।

# उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने इंदौर के स्कूल ऑफ एक्सीलेंस फार आई का किया निरीक्षण

इंदौर (आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने इंदौर के स्कूल ऑफ एक्सीलेंस फार आई का निरीक्षण किया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तथा मरीजों की संतुष्टि के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि चिकित्सक अपना कर्तव्य पूरी सावधानी और सेवाभाव के साथ निभाएं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने आई अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां उपलब्ध अत्याधुनिक मशीनों का अवलोकन किया। साथ ही अपने आँखों की जाँच भी



करायी उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं और व्यवस्थाओं के संबंध में डॉक्टर्स से चर्चा की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. सैत्या, सिविल सर्जन डॉ. जी.एल. सोडी, स्कूल ऑफ एक्सीलेंस फार आई के चिकित्सकगण उपस्थित थे।

# युवक को रोका तो आंखों पर फेंका मिर्ची का पानी

गुना (आरएनएस)। आरोन थानाक्षेत्र में चोरी का एक नया तरीका सामने आया है। बदमाश एक घर में घुसा और रुपयों की पेटी उठाकर भागने लगा। घर में मौजूद वृद्ध ने उसे रोका तो वह वृद्ध पर मिर्ची का पानी फेंककर भागने लगा, लेकिन भागते समय सीढ़ियों से गिर गया, जिसे अन्य स्वजन ने पकड़ लिया व पुलिस के हवाले किया। सुशील जैन अपने घर की दूसरी मंजिर पर टीवी देख रहे थे उस दौरान यह घटना घटित हुई थी। चोर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

# बाइक सवार चार लोग जेसीबी से टकराए, दो की मौत

दमोह (आरएनएस)। गुरुवार शाम बाइक सवार चार लोग जेसीबी से टकरा गए। हादसे में बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हो गए। इसमें 10वीं के छात्र की हालत गंभीर है। हादसा स्टेडियम के पास शाम करीब 4 बजे हुआ।मृतकों की उम्र 25 से 30 वर्ष के बीच है। हालांकि अभी तक उनकी पहचान नहीं हो सकी है। गंभीर रूप से घायल दो अन्य लोगों में से एक एक्सीलेंस स्कूल का 10वीं का छात्र जतिन अहिरवार है, जबकि दूसरे घायल की पहचान नहीं हो पाई है। दोनों घायल बेहोशी की हालत में हैं।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चारों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर जबलपुर नाके की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान स्टेडियम के पास काम कर रही जेसीबी अचानक सड़क पर आ गई। उसका बकेट बाइक से टकरा गया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई।सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। जेसीबी को जब्त कर लिया। हादसे के बाद जेसीबी चालक फरार हो गया।

# दिव्यांग छात्राओं के बीच कलेक्टर ने मनाया राष्ट्रीय बालिका दिवस



सतना (आरएनएस)। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 24 जनवरी की प्रात: कलेक्टर अनुराग वर्मा अपने परिवार के सहित सिविल लाइन स्थित सी. डब्ल्यू. एस. एन दिव्यांग बालिका आवासीय विद्यालय पहुंचे। कलेक्टर के परिवार ने विद्यालयीन छात्राओं के साथ राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया और छात्राओं को मिष्ठान तथा उपहार भेंट किये। इस मौके पर आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, बेटी-बचाओ जागरूकता गीत एवं नृत्य की प्रस्तुतियां दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास सौरभ सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर देशव्यापी अभियान बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान दस वर्ष पूर्ण कर रहा है। जिले के सभी परियोजना और आंगनवाडी केन्द्रों में 24 जनवरी को समारोह पूर्वक राष्ट्रीय बालिका दिवस के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। डीपीसी विष्णु त्रिपाठी ने बताया कि जिला शिक्षा केन्द्र सतना के अंतर्गत एस डब्ल्यू सी एन दिव्यांग बालिका आवासीय विद्यालय सिविल लाइंस में बहु दिव्यांग 2, मानसिक मंद दिव्यांग 5, मूक बाधित 24 और दृष्टिबाधित 19 मिलाकर कुल 50 दिव्यांग बालिकायें अध्ययनरत है। कलेक्टर ने दिव्यांग आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर उन्हें मिल रही सुविधाओं और व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस मौके पर श्रीमती नेहा चौधरी वर्मा, परियोजना अधिकारी अरूणेश तिवारी, अभय द्विवेदी, सहायक संचालक श्यामकिशोर द्विवेदी भी उपस्थित रहे।

# गांवों में सूख पड़े नल, कागजों पर मिल रहा जल



विदिशा(आरएनएस)। जल जीवन मिशन के तहत विदिशा जिले में 304 करोड़ रुपये की दो बड़ी समूह जल प्रदाय योज ना मंजूर हुई थी। इनमें 238 गांवों में हर घर नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा था, लेकिन विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते एक योजना अब तक अधूरी पड़ी है। दूसरी योजना में भी सौ फीसद घरों तक नल से नल नहीं पहुंच पाया है। इस योजना में सिर्फ कागजों पर ही जल मिल रहा है। जिले में सबसे पहले वर्ष 2017 में जल निगम के मायम से सगड़ हिनौतिया माली समूह जल प्रदाय योजना को मंजूरी मिली थी। 126 करोड़ 80 लाख रुपये के करीब 17 हजार घरों में नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा था, लकिन आठ साल बाद भी यह योजना 97 फीसदी ही पूर्ण हो गई है। जल निगम के अधिकारियों के अनुसार सगड़ समूह जल प्रदाय योजना में वर्ष 2021 से 91 गांवों में घर-घर नियमित जल प्रदाय शुरु कर दिया गया, लेकिन हकीकत ये है कि किसी भी गांव में नियमित और प्रत्येक घर में नल से जल नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण अब भी हैंडपंप और ट्यूबवेल के जरिए पानी की जरूरत को पूरा कर रहे हैं। सगड़ परियोजना के तहत ही ग्राम सेऊ, नटेरन, मुंडरा, पीतांबर, काशीपुर शामिल हैं। गांवों में घरों के सामने नल लगे हुए हैं लेकिन इनसे जल नहीं आता। आधे से अधिक घरों के नल चार वर्षों से शोपीस बने हुए हैं। ग्राम सेऊ के किसान बृजेश चौकसे कहते हैं कि उनके गांव में करीब 200 घर हैं, लेकिन नल से जल सिर्फ सौ घरों में ही आता है और यह जल भी नियमित नहीं आता। इसी तरह ग्राम नटेरन के उप सरपंच यशपाल रघुवंशी कहते हैं कि हमारे गांव में कभी दो दिन में तो कभी हफ्ते में एक दिन नल आता है।

# खोदाई में मुगलकालीन चांदी के सैंकड़ों सिक्के निकले

गोहद (आरएनएस)। गोहद में पानी की पाइप लाइन की खोदाई के दौरान मिट्टी के घड़े में चांदी के 113 सिक्के मिले। यह मुगलकालीन सिक्के 1700 से 1800 ईस्वी के बीच के बताए जा रहे हैं। सूचना मिलने पर स्थानीय प्रशासन की टीम ने मौक पर पहुंचकर सिक्कों को जब्त कर लिया है। एसडीएम पराग जैन का कहना है कि पुरातत्व विभाग को भी जानकारी दी है। वह इन सिक्कों की जांच करेगा। गोहद के वार्ड 11 कालिया कंठ मंदिर के पास गत दिवस नलजल योजना के तहत पानी की पाइप लाइन बिछाए जाने के लिए राजकुमार सिंह गुर्जर, पंजाब सिंह गुर्जर के घर के पास खोदाई की जा रही थी। मजदूरों को ढक्कन लगा हुआ एक मिट्टी का घड़ा मिला। घड़े को बाहर निकालकर जैसे ही ढक्कन खोला गया तो उसमें चांदी के सिक्के डले हुए थे।

# ग्राम परासारी में कैंप के दौरान विद्युत उपभोक्ताओं की एक सैकड़ा से अधिक ई के वाई सी हुई सम्पन्न

दतिया (आरएनएस)। कलेक्टर संदीप कुमार माकिन के निर्देशानुसार ग्राम परासरी में विद्युत उपभोक्ताओं हेतु ई के वाई सी एवम् शिकायत निवारण शिविर अतिरिक्त जिला पंचायत सी ई ओ धन्नजय मिश्रा की उपस्थिति में आयोजित किया गयाजिसमें ग्राम पंचायत परसरी कार्यालय के सामने ग्रामीण जनो के बीच शासन कि महत्वपूर्ण योजनाओं के बेहतर संचालन हेतु उनकी समस्त जानकारी आम जन को दी गई .विद्युत उपभोक्ताओं की मौके पर एक सैकड़ा से ई के वाई सी संपन्न हुई! इस दौरान विद्युत विभाग के उपमहाप्रबंधक पी एस बघेल, भदोरिया, नूतन श्रीवास्तव एवम् संदीप अग्रवाल उपस्थित रहे!

## व्यापार समाचार

# स्टॉक तंगी के चलते देशी घी 400 रुपए प्रति 15 किलो महंगा

जयपुर ,(आरएनएस) । उपभोक्ताओं की डिमांड निकलने तथा स्टॉक तंगी के चलते स्थानीय दूध उत्पाद बाजार में देशी घी की कीमतों में जोरदार तेजी दर्ज की गई है। एक सप्ताह के दौरान ब्रांडेड देशी घी नीचे भावों से करीब 400 रुपए प्रति 15 किलो उछल गया है। गौरस देशी घी 9795 रुपए तथा लोटस घी की कीमतें 8750 रुपए प्रति 15 किलो होलसेल में बुधवार को बोली गईं।

स्थानीय राजधानी मंडी कूकरखेड़ा स्थित फर्म आर. मूंदड़ा एंड कंपनी के रामनिवास मूंदड़ा ने बताया कि इन दिनों बटर का एक्सपोर्ट होने से डेयरियों में देशी घी का उत्पादन कम मात्रा में हो रहा है। इधर महाकुंभ के लिए भी घी की डिमांड निरंतर बनी हुई है। यही कारण है कि देशी घी में और मजबूती के संकेत बताए जा रहे हैं।

मूंदड़ा ने कहा कि अंतरराष्टीय बाजार में बटर के भाव ऊंचे होने से उत्तर भारत की डेयरियों में देशी घी का उत्पादन काफी कम मात्रा में हो रहा है। दूसरी और शादियों की चौतरफा चालानी मांग निकलने से हाजिर में प्रीमियम क्वालिटी देशी घी में 400 रुपए प्रति 15 किलो तक की तेजी आ गई है। डेयरियों को लिक्विड् दूध महंगे दामों पर खरीदना पड़ रहा है, लिहाजा कंपनियों को देशी घी के पड़ते नहीं लग पा रहे हैं।

इधर, सरकार ने देशी घी पर 12 प्रतिशत जीएसटी आरोपित कर रखा है, जिससे कारोबारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि इस बार मौसम अनुकूल होने से लिक्विड् दूध का उत्पादन बढ़ने का सरकारी एवं गैर सरकारी अनुमान आ रहा है। लेकिन स्टॉक में देशी घी नहीं होने से इसकी कीमतों में अच्छी तेजी दर्ज की जा रही है।

# डॉ. फिक्सिट ने केबीसी के सिल्वर जुबली सीज़न के साथ मनाए 25 साल

मुंबई (आरएनएस)। डॉ. फिक्सिट, पीडीलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड का अग्रणी वॉटर प्रूफिंग सॉल्यूशन्स ब्रांड ने सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) के ऐतिहासिक सिल्वर जुबली सीज़न के साथ अपने सहयोग की घोषणा की। इस साल दोनों ब्रांड अपनी 25वीं वर्षगांठ मना रहे हैं।

यह साझेदारी 40 विशेष एपिसोड्स के दौरान चलेगी, जो प्रभावशाली दृश्यता और दर्शकों से गहरा जुड़ाव सुनिश्चित करेगी। सहयोग पर बात करते हुए, पीडीलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, संदीप तनवानी ने कहा, पिछले 25 वर्षों में डॉ. फिक्सिट के विशेषज्ञ वॉटरप्रूफिंग सॉल्यूशन्स ने उपभोक्ताओं के सबसे महत्वपूर्ण निवेश—उनके घर—को लीकेज और नुकसान से सुरक्षित किया है।

केबीसी के साथ हमारी साझेदारी इस आदर्श से पूरी तरह मेल खाती है कि विशेषज्ञता का उपयोग करके लोगों के जीवन में सार्थक बदलाव लाया जा सकता है। यह साझेदारी भारतीय उपभोक्ताओं को अग्रणी समाधान प्रदान करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने की दिशा में एक कदम है। अपनी 25वीं वर्षगांठ का जश्न मना रहा केबीसी अपने बौद्धिक रूप से प्रेरणादायक और दिलचस्प फॉर्मेट के साथ करोड़ों लोगों को प्रेरित करता है। इस सहयोग के माध्यम से डॉ. फिक्सिट को शो के फॉर्मेट में सहजता से एकीकृत किया जाएगा, जिससे इसे 'वॉटरप्रूफिंग एक्सपर्ट' के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी। इस मंच की प्रमुखता का लाभ उठाते हुए, डॉ. फिक्सिट की प्रमुख इंटीग्रेशन में प्रत्येक एपिसोड के दौरान एक्सपर्ट प्ले ऑफ द डे सेगमेंट में दिखाई देना शामिल होगा। इसके अलावा, कुछ विजेताओं, जिन्होंने अपने ज्ञान के बल पर शो में मील का पत्थर हासिल किया है, को विशेष डॉ. फिक्सिट हैम्पर प्रदान किया जाएगा—जो विशेषज्ञता और विश्वसनीयता के साथ ब्रांड की पहचान को बढ़ाएगा।

# 58 करोड़ यूजर्स को व्हाटसएप यूजर्स के काम की खबर, डेटा शेयरिंग पर लगी रोक हटी

नई दिल्ली ,(आरएनएस) । अरबपति कारोबारी मार्क जुकरबर्ग के नेतृत्व वाले मेटा ने गुरुवार को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा व्हाट्सएप पर लगाए गए प्रतिबंध पर रोक लगाने के राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के फैसले का स्वागत किया और कहा कि कंपनी अगले कदम के लिए इस फैसले का मूल्यांकन करेगी। नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल ने व्हाट्सएप के पक्ष में एक अहम फैसला सुनाया है।

न्यायाधिकरण ने व्हाट्सएप पर अन्य मेटा प्लेटफॉर्म्स से डेटा साझा करने पर लगाई गई रोक को अस्थाई रूप से हटा दिया है। इस फैसले का सीधा असर देश में व्हाट्सएप के 58 करोड़ यूजर्स पर होगा। सीसीआई ने व्हाट्सएप पर उसकी डेटा शेयरिंग प्रैक्टिस को लेकर पांच साल के लिए बैन लगा दिया था। मेटा के प्रवक्ता ने आईएएनएस को दिए बयान में कहा, हम भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के आदेश पर आंशिक रोक लगाने के एनसीएलएटी




के फैसले का स्वागत करते हैं। बयान में आगे कहा गया, हम अगले कदम के लिए इस आदेश का मूल्यांकन करेंगे, लेकिन हमारा ध्यान आगे का रास्ता खोजने पर रहेगा जो उन लाखों व्यवसायों का समर्थन करेगा जो विकास और इनोवेशन के लिए हमारे प्लेटफॉर्म पर निर्भर हैं और साथ ही हम उच्च गुणवत्ता वाला अनुभव प्रदान करेंगे, जिसकी लोग व्हाट्सएप से उम्मीद करते हैं।

न्यायमूर्ति अशोक भूषण की अगुवाई वाली एनसीएलएटी पीठ ने प्रतिबंध पर रोक लगाते हुए कहा कि इससे देश में व्हाट्सएप के कारोबारी मॉडल में बाधा पैदा हो सकती है। भारत में व्हाट्सएप के 500 मिलियन से अधिक मासिक सक्रिय उपयोगकर्ता हैं। अपीलीय न्यायाधिकरण ने मेटा को सीसीआई द्वारा लगाए गए 213 करोड़ रुपये के जुर्माने का 50 प्रतिशत दो सप्ताह के भीतर जमा करने का भी निर्देश दिया। सोशल मीडिया दिग्गज ने पहले ही जुर्माने का 25 प्रतिशत भुगतान कर दिया है। पिछले हफ्ते एनसीएलएटी ने मेटा और व्हाट्सएप की याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था, जिसमें सीसीआई के उस आदेश पर रोक लगाने की मांग की गई थी, जिसमें बाजार में बड़ा खिलाड़ी होने की शक्ति का गलत इस्तेमाल के लिए 213 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया था। एनसीएलएटी के अनुसार, भारत में आगामी डेटा सुरक्षा कानून डेटा गोपनीयता से संबंधित चिंताओं को संबोधित कर सकता है।

# आम बजट में इनकम टैक्स स्लैब में मिल सकती है छूट : रिपोर्ट


नई दिल्ली ,(आरएनएस) । ग्लोबल फाइनेंसियल सर्विसेज कंपनी नोमुरा ने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार आगामी 2025-26 के आम बजट में उपभोक्ता खर्च को प्रोत्साहित करने के लिए इनकम टैक्स स्लैब में बदलाव कर सकती है।साथ ही इस नोमुरा द्वारा यह अनुमान भी लगाया गया कि बजट में सरकार द्वारा राजकोषीय समेकन और विकास का समर्थन करने वाले उपायों दोनों पर ध्यान केंद्रित करेगी।फाइनेंसियल सर्विसेज फर्म को उम्मीद है कि भारत वित्त वर्ष 2025 के लिए अपने राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को




पार कर जाएगा और घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो कि पहले के 4.9 प्रतिशत के पूर्वानुमान से थोड़ा कम है।यह बदलाव पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) खर्च में कमी के कारण हुआ है। वित्त वर्ष 2026 के लिए नोमुरा का अनुमान है कि पूंजीगत व्यय जीडीपी के 4.4 प्रतिशत पर रहेगा, जो भारत के मध्यम अवधि के लक्ष्यों के अनुरूप है। नोमुरा यह भी उम्मीद जताई है कि वित्त वर्ष 2026 में सार्वजनिक पूंजीगत व्यय में सालाना आधार पर 12.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी।नोमुरा ने सोने पर आयात शुल्क में वृद्धि, बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा में विस्तार और रुपये को समर्थन देने के लिए पूंजी प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए कदम उठाए जाने की संभावना जताई है।

# पहला मेड इन इंडिया चिप इसी साल होगा लॉन्च:अश्विनी वैष्णव

दावोस (ए)। स्विट्जरलैंड वर्ल्ड एकानामिक फोरम के समारोह में भारतीय केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने देश की तकनीकी आत्मनिर्भरता के लिए एक घोषणा की है। उन्होंने लोगों के बीच 'मेड इन इंडिया' चिप को शानदार आखिरकार लॉन्च करने की घोषणा की है। पिछले जनवरी के दावोस सम्मेलन में किए गए जामिन के बाद, यह चिप पहले से प्लान की गई दिसंबर 2024 की तुलना में जल्दी लॉन्च किया जाने वाला है। केन्द्रीय मंत्री ने सेमीकंडक्टर और विश्वकर्मा



अनिश्चितताएं दूर करने के लिए इस चिप के शुद्धता और सुरक्षा पर जोर दिया है। उन्होंने इस चिप के संभावित लॉन्च के साथ, डिज़ाइनरों, उत्पादकों, और सामग्री निर्माताओं को भारत में आकर्षित करने का भी पुर्जोर प्रयास दिखाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले निर्माण को बढ़ावा देने के लिए भविष्यानुकूल योजनाओं और निवेश के माध्यम सेमीकॉन इंडिया प्रोग्राम की मंजूरी दी थी।

यह कदम सेमीकंडक्टर बाजार में एक प्रभावशाली प्रतिष्ठा बनाने के साथ साथ, तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की मदद करेगा।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद




मुम्बई (ए)। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आयी है। इसके साथ ही देसी कंपनियों के दिसंबर तिमाही परिणामों को लेकर चिंता की वजह से भी दोनों प्रमुख इंडेक्स लगातार नीचे आये हैं। इसके साथ ही एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसे दिग्गज कंपनियों के शेयरों में मुनाफावसूली ने भी बाजार टूटा है।

दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसक्स सेंसेक्स 329.92 अंक करीब 0.43 फीसदी की गिरावट के साथ ही 76,190.46 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी आज उतार-चढ़ाव के बाद अंत में 113.15 अंक तकरीबन 0.49 फीसदी नीचे आकर 23,092 पर बंद हुआ।

जानकारों के अनुसार आज बाजार में गिरावट का कारण विदेशी निवेशकों की बिकवाली का सिलसिला जारी रहने से आया है। इसके अलावा। विदेशी निवेशकों ने घरेलू बाजारों से 5,462 करोड़ रुपये की इक्विटी बेचीं। जिससे भी बाजार नीचे आया है।

इसके साथ ही देसी कंपनियों के दिसंबर तिमाही के परिणामों के उम्मीद से कम रहने की वजह से बाजार सेंटीमेंट प्रभावित हुआ है। इसकी वजह से दोनों प्रमुख इंडेक्स लगातार तीसरी बार गिरावट पर बंद हुए। एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसे हैवीवेट शेयरों में मुनाफावसूली से भी बाजार फिसला है।

वहीं गत दिवस बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह बाजार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त के साथ खुले। एशिया बाजार शुक्रवार सुबह तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं, जो वॉल स्ट्रीट की मजबूती का असर है। कामकाज शुरू होने पर बीएसई का प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 33.14 अंक उछलकर 76,553.52 अंक पर खुला। वहीं निफ्टी ने भी 7.80 अंक बढ़कर 23,213.15 अंक पर अपने कारोबार की शुरुआत की। वहीं एशिया बाजार में शुक्रवार को तेजी देखने को मिल रही है। अमेरिकी बाजारों में एसएंडपी 500 ने 0.53 फीसदी की बढ़त के साथ 6,118.71 पर बंद होकर लगातार दूसरे सत्र में ऑल-टाइम हाई बनाया। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 0.92 फीसदी बढ़कर 44,565.07 पर पहुंच गया, जबकि नैस्डैक कंपोजिट 0.22 फीसदी बढ़कर 20,053.68 पर बंद हुआ।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## हथियार की तरह प्रयोग की जा रही कैग रिपोर्ट

दिल्ली सरकार के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की रिपोर्ट विधानसभा में पेश करने के मुद्दे पर कदम खींचने पर दिल्ली हाई कोर्ट ने संदेह उत्पन्न करने वाला कहा।

भाजपा विधायकों की याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने कहा कि आपको विधानसभा अध्यक्ष को तुरंत रिपोर्ट भेजनी थी। सदन पर इसकी चर्चा करनी थी। विधानसभाध्यक्ष का विशेषाधिकार है विधानसभा सत्र बुलाना। यह सवाल भी किया कि क्या अदालत विधानसभाध्यक्ष को ऐसा करने का निर्देश दे सकती है, जबकि चुनाव नजदीक हैं।

हालांकि दिल्ली सरकार के वकील ने आरोप लगाया कि याचिका राजनीति से प्रेरित है, और उपराज्यपाल कार्यालय के रिपोर्ट को सार्वजनिक और समाचार-पत्रों से साझा करने की बात भी उठाई। कैग की रिपोर्ट के अनुसार शराब नीति की वजह से दिल्ली के राजस्व को दो हजार करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। कैग ऑडिट निकाय है, जिसे संवैधानिक दर्जा प्राप्त है। अनुच्छेद 148 के मुताबिक कैग की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा होती है।

यह भारत सरकार तथा राज्य सरकारों के विभागों और मंत्रालयों की पड़ताल करता है। इसकी रिपोर्ट विधानसभा और संसद में रखी जाती है। इसकी रिपोर्ट का असर इतना होता है कि इसके आधार पर 1989 में कांग्रेस सरकार को संयुक्त मोर्चा ने उखाड़ फेंका था। 2010 में स्पैक्ट्रम को लेकर कैग की रिपोर्ट पर 2जी आवंटन में धांधली के चलते सरकार को पौने दो लाख करोड़ रुपये के नुकसान का खुलासा हुआ था जिस पर मनमोहन सरकार को सीबीआई जांच का आदेश देना पड़ा था।

शराब घोटाले को लेकर आप के वरिष्ठ नेताओं को जेल की सलाखों के पीछे भी रहना पड़ा। हालांकि आम आदमी पार्टी रिपोर्ट को फर्जी बताते हुए भाजपा पर इसे चुनावी मुद्दा बनाने का आरोप लगा रही है। लेकिन भाजपा ने इसे सुनहरा अवसर मान लपक लिया। हालांकि खुद मोदी सरकार कैग रिपोर्ट को लेकर कभी गंभीर नजर नहीं आई। दूसरे, उसने अन्य संवैधानिक संस्थाओं को कभी उस तरह तवज्जो नहीं दी जैसी परंपरा रही है ।उन्हें जानबूझ कर पंगु ही नहीं बनाया जाता रहा है, बल्कि विपक्ष भी उन्हें मुद्दों की तरह प्रयोग करने में विफल नजर आया है परंतु जैसा कि अपने यहां चुवानी दंगल में सब जायज बताया जाता है। कैग की यह रिपोर्ट हथियार की तरह प्रयोग की जा रही है। चुनाव संपन्न होने तक यह मुद्दा गरमाया रहने वाला है।

# महाकुंभ के दृश्य से पूरे देश आह्लादित

**अवधेश कुमार**

प्रयागराज के त्रिवेणी संगम से महाकुंभ के दृश्य पूरे देश को आह्लादित कर रहे हैं। उन दृश्यों को देखने और वहां से निकल रहे वक्तव्यों से पूरे विश्व में फैले सनातनियों के अंदर इच्छा बलवती हो रही है कि एक बार प्रयागराज महाकुंभ जाकर पवित्र त्रिवेणी की डुबकी अवश्य लगाएं।

तेरह जनवरी को बुधादित्य महायोग के दिन का आंकड़ा एक करोड़ 75 लाख तो 14 जनवरी को लगभग 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम स्नान करने का आया है। संपूर्ण विश्व आश्चर्यचकित हो इन दृश्यों को देख कर इसके पीछे की शक्ति और भावना को समझने की कोशिश कर रहा है। कल्पना करिए, बारह फरवरी तक जन समूह की संख्या कितनी पहुंच जाएगी। मोटा-मोटी आकलन है कि लगभग 40 करोड़ लोग देश-विदेश से प्रयागराज महाकुंभ पहुंचेंगे।

भगवा की बहुतायत लेकिन प्रकृति में उपस्थिति हर रंग की ध्वजाएं, पताकाएं और कवेश पहने साधु-संत, गांव-घर के आम देशी-विदेशी जन ने ऐसा विहंगम दृश्य प्रस्तुत किया है जिसका वर्णन आसान नहीं है। लगातार बजते घड़ी-घंटाल, शंखों की गूंजती ध्वनि, मंत्रोच्चार, 24 घंटे पवित्र गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में स्नान करते असंख्य लोग, यज्ञशालाओं से निकलते हवनकुंड की अग्नि के सुगंध और भजन-कीर्तन के साथ प्रवचनों की ध्वनियों और ऊपर आकाश से हेलीकॉप्टरों द्वारा पुष्प वष्रा से निर्मित वातावरण और वहां जाने वालों के चेहरों के भावों को शब्दों से वर्णित नहीं किया जा सकता। हालांकि इसके सूक्ष्म प्रभावों को न समझने वाले शब्दातीत, वर्णनातीत आदि शब्दावलियों को अतिवादी कह सकते हैं किंतु सच यही है।

केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार ने इसके व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ लोगों की रिकॉर्ड उपस्थिति का आकलन करते हुए हरसंभव व्यवस्था की है। पूरे कुंभ नगर का विस्तार 4000 हेक्टेयर करके 25 सेक्टरों में बांटा गया, डेढ़ लाख से अधिक टेंट लगाए गए, 44 घाटों पर स्नान की व्यवस्था हुई जो 12 किमी. लंबाई में फैली है। 102 पार्किंग बनाए गए हैं, जिनमें साढ़े 5 लाख गाडियां खड़ी हो सकती हैं। कुल 45 दिनों में रेलवे, हवाईजहाज, राज्य सरकार की बसें, शटल बसें आदि की रिकार्ड संख्या विस्तारित की गई है। समाज में विचार, व्यवहार, कर्मकांड



आदि के बीच विरोधाभास, विविधताएं या विभाजन कोई आज नहीं, सदियों से है।

जरा सोचिए, महान ऋषि-मुनियों ने किस तरह समय-समय पर इन सबको समन्वित करते हुए संपूर्ण ब्रह्मांड या मानव, जीव-अजीव, सबके कल्याण का भाव पैदा करने के महान अवसरों की दिव्य परंपराएं स्थापित कीं। जिस तरह प्रकट दिखती गंगा-यमुना और अमूर्त सरस्वती का संगम है, उसी को साकार करता जनसमूह अलग-अलग विचारधाराओं, पंथों, मतों, भाषाओं, क्षेत्रों, रंग-रूपों, जातियों, संप्रदायों, सब वहां जाकर वाकई एक हो जा रहे हैं। न कोई भेद, न दूरी और कोई किसी से उसकी जाति-नस्ल-पंथ-संप्रदाय स्वयं को दूर करने या भेद करने की दृष्टि से पूछता भी नहीं। उत्सुकतावश जानकारी के लिए पूछते और एक दूसरे से परिचय करते हैं।

इस तरह से देखा जाए तो महाकुंभ संपूर्ण विश्व के जन-जन को एक करने यानी मातृभूमि पुत्रोअहम पृथिव्या की अथर्ववेद की अवधारणा को साकार करने का पर्व है। आध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो प्रयागराज को तीर्थराज कहा गया है और यह निर्वाण की भूमि मानी गई है। पुरु षार्थ चातुष्ट्य धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों का विपुल भंडार। माना गया है कि यहां आने से सब खुल जाते हैं और त्रिवेणी के तट से अंतर्मन के सारे विकार, क्लेश, दोष मिट जाते हैं। मूल बात है संगम और कुंभ के भाव को समाहित करने की। वह वहां तो साकार दिखता है। जैसा आप जानते हैं कुंभ के हमारे यहां अनेक अर्थ हैं। कुंभ अमृत कलश माना गया है।

वेदांत में कुंभ घटा आकाश यानी हृदय एक कुंभ है, कुंभ एक राशि है, इस कुंभ के भाव में गंगा और शिव समाहित हैं। हमारे देश में अंग्रेजों के समय से कथित इतिहासकारों ने भारत और सनातन की सारी परंपराओं, प्रथाओं, पवरे, त्योहारों, पावन अवसरों के अतीत को तिथियों में देखने और अपनी अज्ञानता प्रदर्शन करने की ऐसी नींव डाली कि अकादमी क्षेत्र में कोई भी विषय अविवादित रहा ही नहीं। किसी की तिथि मान्य नहीं, उम्र मान्य नहीं किंतु जनमानस के लिए संगम का आरंभ कब से हुआ, किसने किया, किस काल में था इनके न कोई अर्थ थे, न हैं, और न आगे होंगे। यह हमारे महान पूर्वजों के दिए गए संस्कार और चरित्र हैं, जिनने आज तक ऐसी राजनीतिक, प्रशासनिक, शैक्षणिक, आर्थिक व्यवस्थाओं और ढांचों की प्रतिकूलताओं से परे किसी न किसी रूप में मौलिकता के साथ भी इन सबको कायम रखा है। सच कहा जाए तो यही हमारी अंतःशक्ति है, जिस पर भारत विश्व के लिए आदर्श और दिशा देने वाला देश बन सकता है।संसदीय लोकतंत्र में राजनीतिक नेतृत्व की सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण भूमिका हो गई है। ऐसा नहीं है कि राजनीतिक सत्ता हमारे धर्म, कर्मकांड आदि के रास्ते निर्धारित करती हैं किंतु अगर उन्हें इसकी समझ है या वे इसके ज्ञानियों से समझने की कोशिश करते हैं, तो अनुकूलताएं निर्मित होती हैं, व्यवस्थाएं खड़ी होती हैं, उसके अनुरूप आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराती हैं, जिनसे ऐसे अवसरों पर संत-महात्मा, साधु- संन्यासी, विद्वतजन, आम श्रद्धालु सभी अपने कर्म करने में सहजता महसूस करते हैं।इनसे महाकुंभ जैसे आयोजन अपनी संपूर्णता में प्रकट होते हैं। इसी मायने में मोदी सरकार और योगी सरकार पूर्व की सरकारों से गुणात्मक रूप से भिन्न प्रमाणित हो रही हैं। इतने विशाल और लंबे आयोजन की दृष्टि से कोई भी व्यवस्था संपूर्ण या आदर्श नहीं हो सकती। महाकुंभ जैसे आयोजन में बगैर कुछ बोले संपूर्ण विश्व में संदेश जा रहा है कि कैसे एक साथ इतनी बड़ी संख्या में अलग-अलग पंथ, संप्रदाय, जिनके बीच घोर मतभेद और कुछ के मध्य संघर्ष रहे हैं, सब इकट्ठे होकर आत्मोद्धार, समाज और विश्व कल्याण के भाव से संगम में स्नान-यज्ञ आदि कर रहे हैं।



प्रयागराज में 45 दिवसीय महाकुंभ मेला 2025 के बारहवें दिन गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी संगम पर अपने शिविर में बैठे एक साधु।

# देश में शहरों का भू-रिकॉर्ड

**मनोज जोशी**

मनुस्मृति में राजाओं द्वारा भू-राजस्व संग्रह के उल्लेख से लेकर शेरशाह और मुगल काल में राजा टोडरमलन द्वारा विकसित भू-अभिलेख प्रणाली, ब्रिटिश काल के दौरान विकसित भूमाप प्रणाली और स्वतंत्रता के बाद विकसित भू-अभिलेख व्यवस्था के बाद से भारत ने ग्रामीण क्षेत्रों में अब पूर्णतया डिजिटल भू-रिकॉर्ड और मानचित्रण तक पहुंचने की लंबी यात्रा तय कर ली है।

गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु तथा कुछ अन्य शहरों को छोड़कर भारत में शहरी भू-अभिलेख नहीं रखे जाते। अधिकांश रूप से उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत संपत्ति का खरीद-बिक्री का ब्यौरा ही शहरी भू-अभिलेख का एकमात्र साधन है। पंजीकरण अधिनियम, 1908 के तहत कार्य करने वाले उप रजिस्ट्रार विक्रेता की जानकारी रखने के कुछ उचित उपाय करते हैं, लेकिन उन्हें उन सभी दस्तावेजों को पंजीकृत करना चाहिए जो उनके सामने प्रस्तुत किए जाते हैं। सरकारी भू-अभिलेखों के अभाव में शहरी भूमि संपत्ति के मामलों में धोखाधड़ी और विवाद की आशंका बनी रहती है। भारत में तेजी से शहरीकरण की ओर बढ़ रहे महानगरीय बस्तियों के आस-पास के गैर-शहरी इलाके (पेरी-अर्बन) में निजी डेवलपर्स कृषि भूमि को लेकर उन्हें कॉलोनियों में बदल रहे हैं। इन कॉलोनियों को स्थानीय अधिकारियों द्वारा योजनाबद्ध अनुमोदन के साथ या उसके बिना ही विकसित किया जा रहा है। अनधिकृत कॉलोनियों में एक ही प्लॉट की कई बार बिक्री के बहुत सारे मामले सामने आ रहे हैं। सरकारी भूमि अभिलेखों के ना रहने से महंगी शहरी भूमि के मामले में अनिश्चितता, जोखिम, क्रेताओं को अनावश्यक परेशानी और मुकदमेबाजी होती है।

ड्रोन आधारित हवाई इमेजरी-सिटी सर्वे

कंप्यूटरकृत भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) से ड्रोन/विमान के माध्यम से 5 सेमी की सटीकता से अब भू-मानचित्र 2 लाख रुपये प्रति किमी 2 की उचित लागत पर 2-4 महीने की अवधि में तैयार किया जा सकता है। सरकारी अधिकारियों को ऐसे मानचित्रों का जमीनी सत्यापन करने और स्वामित्व दस्तावेजों को सत्यापित करने की आवश्यकता है। नगरपालिका संपत्ति कर डेटा स्वामित्व पर प्रारंभिक जानकारी प्रदान करता है। व्यक्तिगत भूखंड और मालिकाना विवरण के साथ विस्तृत नक्शे प्रकाशित करने के उपरांत, सार्वजनिक आपत्तियां आमंत्रित की जाती हैं।

शहर के सर्वेक्षण का कठिन हिस्सा जमीनी स्तर पर इनकी पहचान करना और स्वामित्व दस्तावेजों को प्रमाणित करना है। जमीनी सत्यापन के लिए बड़ी संख्या में टीमों को शामिल करने की आवश्यकता पड़ती है जिनमें सर्वेक्षक और सरकारी अधिकारी होते हैं। भौगोलिक सूचना प्रणाली आधारित नगर सर्वेक्षण में भी वास्तविक कब्जे वाली भूमि और अधिकार दस्तावेज के बीच अंतर पाया गया है। जीआईएस आधारित मापों की उच्च स्तरीय सटीकता में 5 प्रतिशत तक अंतर होता है। नए रिकॉर्ड में उनके कब्जे में कम भूमि दिखने के कारण भू-मालिक आपत्ति दर्ज करते हैं। इसके अतिरिक्त कई मामलों में भू-स्वामित्व स्पष्ट नहीं होता या इस पर विवाद रहता है। शहरी भू-सर्वेक्षण में बड़ी जनशक्ति लगती है और भूमि स्वामित्व संबंधी आपत्तियों के सावधानीपूर्वक निपटान की आवश्यकता पड़ती है। राज्य सरकार की ओर से इसके लिए व्यापक राजनीतिक और प्रशासनिक प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। भारत सरकार के भूमि संसाधन विभाग (डीओएलआर) ने एक वर्ष में सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 152 शहरों में नक्शा (एनएकेएसएचए) नामक शहर सर्वेक्षण पायलट कार्यक्रम आरंभ किया है। इसके बाद अगले चरण में 1000 शहरों में यह सर्वेक्षण किया जाएगा और 5 वर्षों में सभी 4912 शहरों में यह योजना चलाई जाएगी।

शहरी भूमि रिकॉर्ड और शहर के सर्वेक्षण से प्राप्त नक्शे नागरिकों को अधिकार प्रदान करते हैं। अन्य संबंधित डेटा जैसे मालिक/किरायेदार परिवार का विवरण, संपत्ति कर, भवन योजना अनुमोदन, बिजली, पानी और गैस को भी इसी आधार पर समेकित किया जा सकता है। इससे नागरिकों के जीवन में सुगमता आएगी और विभिन्न स्थानीय सरकारी एजेंसियों को उनके कार्य में सुविधा होगी।

शहरी नियोजन और संपत्ति कर

कई कैमरों के साथ, शहरों की त्रिआयामी छवि और डिजिटल ट्विन उत्पन्न होते हैं। इनका उपयोग बेहतर संपत्ति कर मूल्यांकन और शहरी नियोजन के लिए किया जा सकता है। लेजर आधारित लिडार इमेजिंग ऊंचाई मानचित्रण प्रदान करती है जो शहरों में तूफान/बाढ़ के पानी की निकासी और आपदा की स्थिति में लोगों को सुरक्षित निकालने लिए बेहतर डिजाइन बनाने में सहायक होती है। यह परिवहन योजना, सड़क विकास, ढांचागत विकास के लिए भूमि अधिग्रहण और शहरी नियोजन के अन्य पहलुओं को सुगम बनाता है। भारत के कई शहरों में ड्रोन से चित्र लिए गए हैं, लेकिन शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) में क्षमता की कमी से उनका इन उद्देश्यों के लिए उपयोग नहीं किया गया है।

राज्यों और यूएलबी को जीआईएस प्रौद्योगिकियों और शहरी नियोजन में निजी क्षेत्र की विशेषज्ञता लेने की आवश्यकता है। दस लाख की आबादी वाले शहर में इन कार्यों के लिए आवश्यक धनराशि 5 करोड़ रुपये से अधिक नहीं लगेगी। यह गहन प्रयास है जिसमें धन का इतना महत्व नहीं है। भारत अगले 5 वर्षों में हवाई इमेजरी के सरल और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग से शहरी भूमि रिकॉर्ड सुव्यवस्थित करने, संपत्ति कर के बेहतर मूल्यांकन और शहरी नियोजन समाधान तथा बाढ़ शमन उपायों को विकसित करना चाहता है।

# आज का राशिफल

मेष राशि : आज आपका दिन व्यस्तता में बीतेगा। बॉस आपको नयी जिम्मेदारी सौंप सकते हैं, जिसे आप पूरी लग्न और मेहनत से करेंगे, काम को लेकर आपकी तारीफ होगी। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज आपका कला और साहित्य में रुझान रहेगा। इस राशि के जो लोग खेल जगत से जुड़े हैं वे आज अपनी प्रैक्टिस में व्यस्त रहेंगे।

वृष राशि : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। राजनीति से जुडे लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। महिलाए अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती है दोनों के बीच रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी स्वास्थ्य फिट रखने के लिए योग की रूटीन अपनाएं, फायदा मिलेगा । धार्मिक कामों में मन लगाने से आपको मानसिक शांति मिलेगी । घर के बड़ो का सहयोग आपको मिलता रहेगा ।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज आप कार्यक्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और अधिकारियों का दिल जीतने में कामयाब होंगे। आज के दिन आप अपनी उर्जा को सही काम में लगायेंगे । जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें किसी संस्था से जुड़कर नाम कमाने का मौका मिलेगा। आज आपको किसी परिजन की तरफ से खुशखबरी सुनने को मिल सकती है ।

कर्क राशि :आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आप किसी काम को लेकर उत्साहित होंगे, काम आसानी से व समय से पूरा हो जायेगा। आपके आय के नए स्त्रोत बनेंगे, आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। कला और साहित्य के क्षेत्र में रुझान रहेगा। आज कार्यों में आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा, जो आगे सफलता के लिए मददगार साबित भी होगा।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज किसी भी कानूनी मामलों में जल्दबाजी न दिखाएं। अपने खर्चों पर नियंत्रण बनाए रखेंगे तो भविष्य में आने वाली परेशानियों से भी बच जायेंगे। आज अपने काम को सामान्य गति से पूरा करेंगे।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। यदि आपने किसी को पैसे उधार दिया है, तो वह आज आपको वापस मिल सकता है। आज परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आज आप मित्रों के साथ निवेश संबंधी योजना बनाएंगे, जिसमें आपको बहुत ही सोच विचार कर आगे बढ़ना होगा । आज आपको यदि महत्वपूर्ण निर्णय लेना पड़े, तो बहुत ही सोच विचार कर लें।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की सम्भावना है। दाम्पत्य जीवन का सुख मिलेगा।

वृश्चिक राशि : आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा। घुटनों की समस्यां से आज राहत मिलेगी, जिससे खुद को रिलैक्स फील करेंगे।

धनु राशि : आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। स्वास्थ्य के लिहाज से दिन अच्छा रहेगा। आज आपके बढ़ते खर्चे परेशानी का कारण बन सकते हैं। इसीलिए बजट बनाकर चलने का प्रयास करें । किसी संपत्ति का सौदा जल्दबाजी में ना करें। राजनीति से जुड़े लोगों को बड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी उन्नति का मार्ग प्रसस्त होगा। आज किसी पुरानी समस्या को दूर करने के लिए योजना बनायें

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए निश्चित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी योजनाओं को गति मिलेगी। आज आपकी नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपको बड़ों का साथ व सहयोग भरपूर मात्रा में मिलेगा। आज आपकी शिक्षा में आ रही परेशानी से छुटकारा मिलेगा, आपको ख़ुशी होगी। आज आप किसी मांगलिक कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। धार्मिक कार्यों के प्रति आस्था व विश्वास से आगे बढ़ेंगे।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप एक से अधिक स्रोतों से आय प्राप्त करेंगे । आज निवेश संबंधी मामलों को गति मिलेगी। आज किसी अजनबी पर सोच समझकर भरोसा करें । विद्यार्थियों को आज किसी उलझन से छुटकारा मिलेगा । प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आप आगे बढ़ेंगे। आज आपके दांपत्य जीवन में खुशहाली बढ़ेगी। आज आप किसी काम को छोटा या बड़ा सोचकर ना करें।

मीन राशि : आज का दिन खुशियाँ लाने वाला है। समाज में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को जल्द ही सफलता मिलेगी। शिक्षकों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। अध्यात्मिक कामों में आपकी रूचि बढ़ेगी। आज अपनी क्षमता पर विश्वास करने से आपके सभी काम बनेंगे।

# लोकतंत्र को मजबूती देने के लिये मतदाता को जागना होगा

**ललित गर्ग**

भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को मनाया जाता है। विश्व में भारत जैसे सबसे बड़े लोकतंत्र में मतदान को लेकर कम होते रुझान को देखते हुए इस दिवस को मनाने की आवश्यकता महसूस हुई और पहली बार इसे वर्ष 2011 में मनाया गया। इसके मनाए जाने के पीछे निर्वाचन आयोग का उद्देश्य था कि देश अधिकतम मतदान को प्रोत्साहन दिया जाये। 'मतदाता बनने पर गर्व है, मतदान को तैयार हैं' जैसे नारों के साथ मतदान दिवस मनाने का मुख्य कारण है कि लोगों को मतदान का महत्व बताया जाए ताकि लोग इसके प्रति जागरूक हो और अपने मत का आवश्यकतरूप से उपयोग करते हुए सही उम्मीदवार को चुने। 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2025 की थीम है ''वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम।'' ऐसा करके ही लोकतंत्र को मजबूती दी जा सकती है। पिछले कुछ वर्षों में इसने मतदान के अधिकार के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विशेषत: युवा मतदाताओं को पंजीकृत करने, उन्हें मताधिकार का उपयोग करने के लिये अग्रसर और प्रेरित करने में इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका बनी है। चुनाव आयोग इस मंच का उपयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों में योगदान देने वाले अधिकारियों, हितधारकों और संगठनों के प्रयासों को मान्यता देने के लिए भी करता है। यह लोकतांत्रिक मील का पत्थर बना है और भारत के लोकतंत्र के 78 वर्षों की यात्रा और चुनावी अखंडता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता के लिये इसे जश्न रूप में मनाया जाता है।

किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का एक दिन। इसलिये इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है और उन्नत राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी निभाता है। सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं बैठता अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाकर नायक चुनती है। लेकिन जनता तिलक किसको लगाये, इसके लिये सब तरह के साम-दाम-दंड अपनाये जा रहे हैं। हर राजनीतिक दल अपने लोकलुभावन वायदों एवं घोषणाओं को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बता रहे हैं, जो सब समस्याएं



( राष्ट्रीय मतदाता दिवस - 25 जनवरी, 2025 )

मिटा देगी तथा सब रोगों की दवा है। लेकिन ऐसा होता तो आजादी के अमृतकाल तक पहुंच जाने के बाद भी देश गरीबी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अफसरशाही, बेरोजगारी, अशिक्षा, स्वास्थ्य समस्याओं से नहीं जुझता दिखाई देता। ऐसी स्थिति में मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि अगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगे। इसलिये यह दिवस मतदाता को जागरूक करने के साथ प्रशिक्षित भी करता है।

भारतीय लोकतंत्र दुनिया का विशालतम लोकतंत्र है और समय के साथ परिपक्व भी हुआ है। बावजूद इसके लोकतंत्र अनेक विसंगतियों एवं विषमताओं का भी शिकार है। मुख्यत: चुनाव प्रक्रिया में अनेक छिद्र हैं, सबसे बड़े लोकतंत्र का सबसे बड़ा छिद्र चुनावों की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता को लेकर है। खरीद-फरोख्त, नशा एवं मतदाताओं को लुभाने एवं आकर्षित करने का आरोप भी लोकतंत्र पर बड़े दाग हैं। चुनाव सुधारों की तरफ हम चाह कर भी बहुत तेजी से नहीं चल पा रहे हैं। चुनाव आयोग जैसी बड़ी और मजबूत संस्था की उपस्थिति के बाद भी चुनाव में धनबल, बाहूबल एवं सत्ताबल का प्रभाव कम होने के बजाए बढ़ता ही जा रहा है। ये तीनों ही हमारे प्रजातंत्र के सामने सबसे बड़ा संकट है। इन सब संकटों से मुक्ति के लिये मतदाता की जागरूकता की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण पहलू चुनाव है, लोकतंत्र में स्वस्थ मूल्यों को बनाये रखने के साथ उसमें सभी मतदाताओं की सहभागिता को सुनिश्चित करना जरूरी है। इसके लिये चुनाव आयोग का आरईवीएम के प्रयोग का प्रस्ताव सैद्धांतिक तौर पर एक सराहनीय एवं जागरूक लोकतंत्र की निशानी है। क्योंकि आजादी के बाद से ही जितने भी चुनाव हुए है, उनमें लगभग आधे मतदाता अपने मत का उपयोग अनेक कारणों नहीं कर पा रहे हैं, ऐसा हर चुनाव में होता आया है। इसलिए लंबे समय से मांग उठती रही थी कि ऐसे लोगों के लिए मतदान का कोई व्यावहारिक एवं तकनीकी उपाय निकाला जाना चाहिए। उसी के मद्देनजर निर्वाचन आयोग के द्वारा घरेलू प्रवासियों के लिए आरवीएम का प्रस्ताव एक सूझबूझभरा एवं दूरगामी सोच एवं विवेक से जुड़ा उपक्रम है। जरूरत है राजनीतिक दल ऐसे अभिनव उपक्रम का विरोध करने या अवरोध खड़ा करने की बजाय उसका अच्छाइयों को स्वीकार करते हुए स्वागत करें।इनदिनों दिल्ली विधानसभा चुनाव की सरगर्मियां उग्रता पर है और इसमें मुफ्त की रेवडियां बांटने की होड़-सी लगी है। लोकतन्त्र में यह मुफ्त बांटने की मानसिकता एक तरह का राजशाही का अन्दाज ही कहा जायेगा जो लोकतंत्र के मूल्यों के विपरीत है। लोकतंत्र में कोई भी सरकार आम जनता की सरकार ही होती है और सरकारी खजाने में जो भी धन जमा होता है वह जनता से वसूले गये शुल्क या टैक्स अथवा राजस्व का ही होता है। राजशाही के विपरीत लोकतन्त्र में जनता के पास ही उसके एक वोट की ताकत के भरोसे सरकार बनाने की चाबी रहती है। दरअसल, जनता के हाथ की इस चाबी को अपने पक्ष में घुमाने एवं जीत का ताला खोलने के लिये यह मुफ्त की संस्कृति एक राजनीतिक विकृति के रूप में विकसित हो रही है। वृद्धों को मुफ्त धार्मिक यात्रा-पेंशन, युवाओं को रोजगार देने का वायदा, महिलाओं को नगद राशि एवं मुफ्त बस सफर हो या बिजली-पानी या गैस सिलेंडर। हालात यह हो गए है कि इस मामले में लगभग सभी पार्टियों के बीच एक होड़ जैसी लग गई है कि मुफ्त के वादे पर कैसे मतदाताओं से अपने पक्ष में लुभा कर मतदान कराया जा सके। इससे राज्यों का आर्थिक संतुलन लड़खड़ाता है या वे कर्ज में डूबती है तो इसकी चिन्ता किसी भी दल की सरकार को नहीं है। इस बड़े संकट से उबारने का काम मतदाता ही कर सकता है, वह बिना प्रलोभन, लोभ एवं मुफ्त की सुविधाओं के निष्पक्ष मतदान के लिये आगे आये।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस से जुड़ा एक और महत्वपूर्ण विमर्शनीय विषय है लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का सुझाव, इसको लेकर एक सार्थक बहस छिड़ी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों चुनावों को एक साथ कराने का सुझाव दिया था। चुनाव एक साथ कराने का विचार बहुत नया हो, ऐसा भी नहीं है। पिछली सरकारों में भी समय-समय पर इस पर चर्चाएं होती रही हैं।






केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह नई दिल्ली में साउथ ब्लॉक से 'संजय युद्धक्षेत्र निगरानी प्रणाली' को हरी झंडी दिखाने के अवसर पर एक समूह फोटो में।

# वक्फ संशोधन पर जेपीसी बैठक में हंगामा, बुलाए मार्शल, विपक्षी सदस्य सस्पेंड

## -विपक्ष का दावा-प्रस्तावित बदलावों का अध्ययन करने नहीं दिया जा रहा समय

नई दिल्ली,(ए)। वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर संसदीय समिति की शुक्रवार को अहम बैठक हुई। बैठक हंगामेदार रही। विपक्षी सदस्यों ने दावा किया कि उन्हें मसौदा कानून में प्रस्तावित बदलावों का अध्ययन करने के लिए समय नहीं दिया जा रहा है। वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर जेपीसी बैठक में जोरदार हंगामे को देखते हुए मार्शल बुलाए गए। बवाल इतना हुआ कि विपक्ष के सभी सांसदों को सस्पेंड कर दिया है। दरअसल, वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त समिति कश्मीर के धार्मिक प्रमुख मीरवाइज उमर फारूक के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल के विचार सुनने वाली थी। मीरवाइज को बुलाने से पहले समिति के सदस्यों ने आपस में चर्चा की। विपक्षी नेताओं द्वारा बीजेपी पर दिल्ली चुनावों को



ध्यान में रखते हुए वक्फ संशोधन विधेयक पर रिपोर्ट को जल्द स्वीकार करने का दबाव बनाने के दावे के साथ तूफानी हो गई। बैठक के दौरान तीखी नोकझोंक हुई उसके बाद कार्यवाही कुछ देर के लिए स्थगित कर दी। मीरवाइज के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने दोबारा बैठक शुरू होने के बाद समिति के सामने पेश किया।टीएमसी सदस्य कल्याण बनर्जी और कांग्रेस सदस्य नसीर हुसैन बैठक से बाहर चले गए और उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि समिति की कार्यवाही दिखावा है। उन्होंने मांग की कि प्रस्तावित संशोधनों की धारा-दर-धारा जांच के लिए 27 जनवरी को होने वाली बैठक को 30 जनवरी या 31 जनवरी तक टाल दिया जाए। वहीं, बीजेपी सदस्य निशिकांत दुबे ने विपक्षी सदस्यों की आलोचना करते हुए कहा कि उनका आचरण संसदीय परंपरा के खिलाफ है और वे बहुमत की आवाज को दबाने का प्रयास कर रहे हैं।समिति के सामने पेश होने से पहले मीरवाइज ने कहा कि उन्होंने वक्फ संशोधन विधेयक का कड़ा विरोध किया और धर्म के मामलों में सरकार के हस्तक्षेप का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि हमारे सुझावों को सुना जाएगा और उन पर अमल किया जाएगा और ऐसा कोई कदम नहीं उठाया जाएगा, जिससे मुसलमानों को लगे कि उन्हें कमजोर किया जा रहा है।

# भंडारा में ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, 5 लोगों की मौत; मौके पर रेस्क्यू टीम

भंडारा ,(आरएनएस)। महाराष्ट्र में भंडारा के जवाहर नगर में एक ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में शुक्रवार को विस्फोट हो गया। हादसे में पांच कर्मचारियों के मरने की आशंका जताई जा रही है और कई लोगों को घायल होने की खबर है। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

विस्फोट की सूचना पर तत्काल बचाव और चिकित्सा दल को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया है। जिला कलेक्टर संजय कोलटे ने बताया कि महाराष्ट्र के भंडारा जिले में स्थित ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में सुबह करीब 10.30 बजे विस्फोट हुआ। बचाव और चिकित्सा कर्मचारी विस्फोट स्थल पर जीवित बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं तथा दमकलकर्मी स्थिति पर काबू पाने में लगे हुए हैं।

जिला कलेक्टर ने आगे बताया कि विस्फोट के कारण छत ढह गई और कम से कम 12 लोग उसके नीचे दब गए। उनमें से दो को लोगों बचा लिया गया है और मलबा हटाने के लिए खुदाई करने वाली मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है।अधिकारियों के मुताबिक, शुक्रवार सुबह ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में विस्फोट की दुर्घटना हुई। बचे लोगों की तलाश के लिए बचाव और चिकित्सा दल तैनात हैं और बचाव कार्य जारी है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, धमाका इतना जोरदार था कि इसकी आवाज 5 किलोमीटर दूर तक सुनी गई। दूर से लिए गए वीडियो में फैक्ट्री से घना धुआं उठता हुआ देखा गया।

# दिल्ली में भाजपा पूरे बहुमत के साथ बनायेगी सरकार : विज



चंडीगढ़ ,(आरएनएस)। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन मंत्री अनिल विज ने गुरुवार को कहा कि 'दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पूरे बहुमत के साथ सरकार बनायेगी।' विज ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में जिनकी ड्यूटी लगाई है, वे जा रहे हैं। दिल्ली के विधानसभा चुनाव में पंजाब के सरकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाये जाने को लेकर सवाल के जवाब में विज ने कहा, मेरा 35 से 40 साल का राजनीतिक अनुभव ये बताता है कि चुनाव में रोता वही है जो हार रहा होता है। इनके (आप पार्टी नेता) रोते हुये, लटके हुये चेहरे, मुरझाते हुये चेहरे साफ इशारा कर रहे हैं कि इस बार दिल्ली से केजरीवाल साफ है।

उन्होंने कहा कि लोगों के जाने और सरकारी मशीनरी के जाने में अंतर को आप संयोजक अरविंद केजरीवाल को समझना चाहिए। उन्होंने बताया कि चुनावों में सारे देश से लोग जाते है, नेता भी जाते है और मंत्री भी जाते है लेकिन जब वे मशीनरी कहते हैं तो उसमें सरकारी अधिकारी/कर्मचारी आ जाते है।

विज ने जयपुर आवागमन के संबंध में सवाल पर कहा, 152 डी हाईवे पर मुझे लोग मिले और उन्होंने कहा कि अक्सर यहां पर ओवरलोडेड ट्रक चलते हैं तो मैंने उसी समय वहां के आरटीओ को फोन करके कहा कि इस ओवरलोडेड वाहनों के आवागमन को रोकिये क्योंकि मेरा नाम अनिल विज है। मैं सभी लोगों से कहना चाहता हूं कि लोगों की जिंदगी पर रहम करों, क्योंकि सरकार इतनी मेहनत से सड़कों का जाल बिछा रही है उन पर दया कीजिए, इसलिए गाड़ी जितनी कैपेसिटी की है उतना ही लोड कीजिए, अगर उससे ज्यादा होगा तो मेरे डिपार्टमेंट का कोई भी अधिकारी नहीं छोड़ेगा। उन्होंने बताया कि 152डी हाइवे पर कैमरे लगा दिये गये हैं। इसी प्रकार, स्पीड के कैमरे लगभग सभी सड़कों पर लगाये गये हैं। अगर कोई ओवर स्पीडिंग गाड़ी चलायेगा तो उसके लाइट क्रॉस करते ही जेब में चालान आ जायेगा।

## पापा विधायक हैं, लाइसेंस की जरुरत नहीं,' अमानतुल्लाह खान के बेटे ने पुलिस को दिखाई धौंस; बुलेट जब्त

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली पुलिस ने गश्त के दौरान बुलेट के मॉडिफाई साइलेंसर से तेज आवाज निकाल रहे दो युवकों को पकड़ा है। इनमें एक युवक आप विधायक अमानतुल्ला खान का बेटा है। पुलिस के अनुसार, दो लड़के मोटरसाइकिल पर नजर आए, जो गलत साइड से आ रहे थे और बुलेट के मॉडिफाई साइलेंसर से तेज आवाज कर रहे थे। इतना ही नहीं वे बाइक को टेढ़े-मेढ़े तरीके से चला रहे थे।

इस दौरान पुलिस ने दोनों युवकों को पकड़ लिया और एक लड़के ने बताया कि वह आप (AAP) विधायक अमानतुल्ला खान का बेटा है। उन्होंने पुलिस पर यह आरोप लगाते हुए दुर्व्यवहार किया कि वे ऐसा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि वह आप विधायक का बेटा है। इसके बाद पुलिस ने उनसे ड्राइविंग लाइसेंस और आईडी मांगी तो उन्होंने कहा कि उन्हें इसकी जरूरत नहीं है। उनमें से एक लड़के ने अमानतुल्लाह खान को फोन किया और उनकी बात एसएचओ (SHO) से कराई। बाद में लड़के अपना नाम-पता बताए बगैर चले गए।


# यूपी के कानपुर में बस पलटने से सात बच्चे, एक शिक्षक घायल

कानपुर ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के कानपुर थाना नवाबगंज में शुक्रवार को एक हादसा हो गया। जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल की बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इसमें सात बच्चे और एक शिक्षक घायल हो गए हैं। स्थानीय लोग और पुलिस राहत व बचाव कार्य में जुटी हैं। घायलों को अस्पताल भेजा गया है।

पुलिस उपायुक्त दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि कानपुर स्थित थाना नवाबगंज के जीडी गोयनका स्कूल की बस की कमानी टूट जाने के कारण वह पलट गई। इस हादसे में सात बच्चे और एक शिक्षक घायल हो गए। इन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इन्हें मामूली चोटें आई थीं। सभी को डिस्चार्ज कर दिया गया है। कानून व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है।

बस पलटने से सात बच्चे और एक शिक्षक घायल हो गए हैं। स्थानीय लोग और पुलिस राहत व बचाव कार्य में जुटी हैं। घायलों को अस्पताल भेजा गया। इस दौरान काफी अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि हादसे के दौरान बस की रफ्तार काफी तेज थी, बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और हादसा हो गया।

# तेजस्वी को याद करना चाहिए लालू यादव का शासनकाल : गिरिराज सिंह



बेगूसराय (आरएनएस)। पूर्व विधायक अनंत सिंह और उनके समर्थकों पर हमले की घटना पर सियासत तेज हो गई है। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने बिहार में जंगलराज का आरोप लगाया, तो केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने लालू राज की याद दिला दी।

गिरिराज सिंह ने कहा, तेजस्वी यादव को कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर बात करना अच्छा नहीं लगता। तेजस्वी यादव लालू यादव के लड़के हैं। उन्हें अपने पिता जी के शासनकाल को याद करना चाहिए। उन दिनों नवविवाहित पति और पत्नी को दिन में निकलने में डर लगता था। सीएम नीतीश कुमार के राज में कोई भी अपराधी बचेगा नहीं, उसे सजा देने का काम किया जाएगा। इस मामले में कानून अपना काम कर रहा है।]वहीं गिरिराज सिंह ने वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम को लेकर भी राय दी।उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड पर जो जेपीसी बनी है, वह अपनी रिपोर्ट देगी तो इस पर किसी को क्या ऐतराज है। इसको लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई है। तमाम पक्षों ने अपनी बात रखी है। देश में सैकड़ों उदाहरण हैं कि कैसे वक्फ बोर्ड ने जमीन को हड़पने का काम किया है। सरकारी जमीन को हड़पा गया और निर्दोष लोगों पर जुल्म किया गया। स्वाभाविक है वक्फ बोर्ड को लेकर जेपीसी जो रिपोर्ट देगी, संसद में उस पर बहस होगी फिर संसद निर्णय करेगी। आम लोगों की राय है कि वक्फ बोर्ड के अधिकार को सीमित किया जाए। ऐसे बोर्ड की ताकत को सीमित करना, जनता के हित और देश के हित में होगा। गिरिराज सिंह ने एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी के बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। कहा, जब वो बोलते हैं तो मुस्लिमों से बाहर नहीं निकल पाते हैं। वह अपने को मुस्लिम तुष्टिकरण का प्रतीक मानते हैं।

## पंजाब सरकार का बड़ा कदम, अब 180 कैमरों के जरिए होगी सब रजिस्ट्रार/जॉइंट सब रजिस्ट्रार कार्यालयों की निगरानी

चंडीगढ़ (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने राज्य के सभी सब रजिस्ट्रार/जॉइंट सब रजिस्ट्रार कार्यालयों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और लोगों की सुविधा के लिए बड़ा फैसला किया है। इस पहल के तहत, पूरे पंजाब में इन कार्यालयों में कुल 180 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।सभी डिप्टी कमिश्नरों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक कैमरा सुचारू रूप से कार्य करे। अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व) अनुराग वर्मा ने सभी डिप्टी कमिश्नरों को कैमरों की चालू स्थिति के बारे में 31 जनवरी तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।मुख्यालय स्तर पर वरिष्ठ अधिकारी भी इन सीसीटीवी कैमरों की निगरानी करेंगे। डिप्टी कमिश्नरों को सीसीटीवी कैमरों की लाइव फुटेज के माध्यम से किसी भी समय अचानक चेकिंग करने का अधिकार दिया गया है।

# दिल्ली में उपभोक्ताओं को पंजाब ब्रांड की शराब पीने के लिए मजबूर किया जा रहा : संदीप दीक्षित

नई दिल्ली (आरएनएस)। नई दिल्ली से कांग्रेस प्रत्याशी संदीप दीक्षित ने शुक्रवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए दिल्ली में पंजाब ब्रांड के शराब के बिकने का आरोप दोहराया। उन्होंने कहा दिल्ली के उपभोक्ताओं को पंजाब ब्रांड की शराब पीने के लिए फोर्स किया जा रहा है।

संदीप दीक्षित ने कहा, दिल्ली के एक्साइज डिपार्टमेंट ने अपना आकलन किया है। उसमें उन्होंने देखा कि दिल्ली सरकार शराब के कुछ ऐसे ब्रांड चुन-चुनकर बेच रही है, जो दिल्ली और आस-पास के लोगों की पसंद नहीं हैं। उपभोक्ता अपनी पसंद की चीजें खाना और पीना चाहता है, लेकिन ये लोग कुछ खास ब्रांड खरीदने के लिए मजबूर कर रहे हैं, जो उनकी पसंद नहीं है। जब इसको एक्साइज डिपार्टमेंट ने देखा तो बहुत आश्चर्य हुआ। उन्होंने देखा कि अधिकांश उन कंपनियों को ऑर्डर मिल रहे हैं, जो पंजाब की हैं। इसलिए उन्होंने भ्रष्टाचार की बात कही है।

नई दिल्ली सीट से कांग्रेस प्रत्याशी ने आगे कहा, कंपनियां अच्छी और बुरी होंगी, लेकिन ये दिल्ली में बेची जा रही हैं, जबकि यहां पर उस ब्रांड के उपभोक्ता नहीं हैं। ऐसे में यह स्वाभाविक है कि सरकार चाहती है कि उन कंपनियों का फायदा हो। वे कुछ कंपनियों को फायदा पहुंचा रहे हैं, जिसमें हमें सीधा-सीधा भ्रष्टाचार दिख रहा है। इस मामले में सीबीआई की जांच के लिए मैं उपराज्यपाल के पास भी चिट्ठी लेकर गया था।

दिल्ली कांग्रेस द्वारा एक ऑडियो जारी करके दावा किया गया है कि नरेला के विधायक और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के बीच शराब स्कैम को लेकर बात हो रही थी। इस मुद्दे पर कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा, तथाकथित रूप से नरेला के विधायक शरद चौहान हैं।

## बहरोड़ के पूर्व विधायक बलजीत यादव के 10 ठिकानों पर ईडी का छापा, 3.72 करोड़ के घोटाले की जांच

जयपुर (आरएनएस)। । प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार सुबह बहरोड़ के पूर्व विधायक बलजीत यादव के जयपुर सहित 10 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई पीएमएलए कानून के तहत की जा रही है। यादव और उनकी कंपनियों पर सरकारी फंड के दुरुपयोग और 3.72 करोड़ रुपए के घोटाले के आरोप हैं।

सूत्रों के अनुसार, बलजीत यादव की फर्म पर सरकारी स्कूलों में विधायक कोष से वितरित किए गए सामान में खराब गुणवत्ता की आपूर्ति का आरोप है। बताया गया है कि इस मामले में एसीबी पहले ही एक केस दर्ज कर चुकी है। यादव पर सरकारी राजस्व को हानि पहुंचाने और विधायक कोष का दुरुपयोग करने के गंभीर आरोप लगे हैं।ईडी की टीमों ने जयपुर में 8 ठिकानों के साथ-साथ दौसा और अलवर के 1-1 स्थानों पर छापा मारा। इन ठिकानों से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और अन्य सबूत जब्त किए गए हैं। ईडी सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई सरकारी स्कूलों के अंदर क्रिकेट सामान की आपूर्ति में हुए घोटाले के मामले में की गई। जांच एजेंसियों के अनुसार, बलजीत यादव और उनकी कंपनियों ने सरकारी स्कूलों में घटिया सामान वितरित कर 3.72 करोड़ रुपए का घोटाला किया।

## कलयुगी मां! अपने ही नाबालिग बेटी का प्रेमी से करवाया बलात्कार, वजह जान उड़ जाएंगे होश

ठाणे (आरएनएस)। ठाणे में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जहां एक 38 वर्षीय मां ने अपने 30 वर्षीय प्रेमी से अपनी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी का दुष्कर्म करवाया। इस घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है।कासरवडावली पुलिस स्टेशन के अनुसार, पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसने 9 नवंबर, 2023 को अपनी मां और उसके प्रेमी को आपत्तिजनक स्थिति में देखा था। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी और बुरी तरह पीटा।पीड़िता के पिता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने भारतीय दंड संहिता और POCSO एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है और जांच जारी है।


# सुक्खू ने चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' से किया संवाद

शिमला (आरएनएस)। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गुरुवार को धर्मशाला से वर्चुअल माध्यम से बिलासपुर जिला के भगेड स्थित अपराजिता बाल आश्रम के 17 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' से संवाद किया।

यह बच्चे दो दिवसीय शैक्षिक और मनोरंजक भ्रमण पर गये हैं। इन बच्चों ने बीटिंग रिट्रीट समारोह देखने के बाद वाघा बॉर्डर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री से बातचीत की। दो दिवसीय भ्रमण के दौरान ये बच्चे अमृतसर, वाघा बॉर्डर, स्वर्ण मंदिर, जलियांवाला बाग और साइंस सिटी कपूरथला भी जायेंगे।

सुक्खू ने अजय (08) से बातचीत की और उसके अनुभव जाने। अजय ने मुख्यमंत्री को बताया कि उसे वाघा बॉर्डर में परेड और संग्रहालय देखने में बहुत आनंद आया। एक अन्य बच्चे कृष कुमार ने बताया कि पहली बार परेड देखकर वह ऊर्जा से सराबोर हो गये और उन्हें बीएसएफ में सेवायें देने की प्रेरणा मिली। सागर ने बताया कि यह जिंदगी में पहला मौका था, जब वह इतनी दूर गये और अपने दोस्तों के साथ इस भ्रमण का भरपूर आनंद लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने सभी अनाथ बच्चों को 'चिल्ड्रन ऑफ



द स्टेट' के रूप में अपनाया है और उनकी देखभाल, शिक्षा और मनोरंजक गतिविधियों की जिम्मेदारी सरकार की है। उन्होंने बच्चों को आश्वासन दिया कि उन्हें अगले साल नये स्थलों के भ्रमण पर भेजा जायेगा, ताकि वे सीख सकें और आगे बढ़ सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' उनके लिये परिवार की तरह हैं। लक्ष्य ठाकुर ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि उनकी दूरदर्शिता से उन्हें बेहतरीन सुविधायें और देखभाल मिल रही हैं। जब मुख्यमंत्री ने अगले दिन की उनकी योजनाओं के बारे में पूछा, तो बच्चों ने बताया कि वे स्वर्ण मंदिर जायेंगे।

सुक्खू ने बच्चों के रहने की व्यवस्था के बारे में भी पूछा और उनसे फीडबैक जाना कि क्या व्यवस्थायें संतोषजनक थीं। उन्होंने बताया कि इस तरह के भ्रमण पर जाने वाले बच्चों को तीन सितारा होटलों में ठहराया जाये। उन्होंने बताया कि हाल ही में शिमला जिले के 22 बच्चे गोवा की 13 दिवसीय यात्रा कर लौटे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी तरह अन्य जिलों के बच्चों को भी देश के विभिन्न हिस्सों में शैक्षणिक और मनोरंजक भ्रमण पर भेजा जायेगा, ताकि उनका समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने वाघा बॉर्डर पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) अधिकारियों के आतिथ्य और बच्चों के लिये किये गये विशेष प्रबंधों के लिये उनका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ विधायक सुदर्शन बबलू और वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

# रेलवे की अनोखी पहल, प्लेटफॉर्म-6 पर रेल कोच को बना दिया रेस्टोरेंट

प्रयागराज (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए एक नई और अनोखी पहल की शुरुआत की गई है। रेलवे ने प्लेटफॉर्म नंबर-6 सिविल लाइंस पर एक रेल कोच को रेस्टोरेंट में तब्दील कर दिया है, जिसमें यात्री आकर शुद्ध शाकाहारी भोजन का आनंद ले सकते हैं। यह पहल यात्रियों के लिए न सिर्फ एक नया अनुभव है, बल्कि रेलवे की ओर से एक शानदार प्रयास भी है, ताकि लोगों को गुणवत्तापूर्ण और स्वच्छ भोजन मिल सके।रेलवे ने इस विशेष रेल कोच के अंदर पूरी तरह से शाकाहारी भोजन उपलब्ध कराया है, जिसमें साफ-सफाई और उच्च गुणवत्ता का ख्याल रखा गया है। यहां पर आने वाले यात्रियों ने इस पहल की खूब सराहना की है। महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में आने वाले श्रद्धालु भी इस नए रेस्टोरेंट का अनुभव कर रहे हैं, जो स्टेशन पर एक आकर्षक स्थल बन गया है।महाकुंभ में स्नान करने के लिए प्रयागराज आने वाले नेपाल के अर्जुन कार्की ने इस पहल को एक अलग और नया अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि जब उन्होंने रेलवे के कोच में रेस्टोरेंट देखा तो उन्हें भीतर आने की इच्छा हुई और उन्होंने यहां के भोजन का स्वाद लिया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भी तारीफ की।इस रेस्टोरेंट का अनुभव लेने के लिए अन्य श्रद्धालु भी आ रहे हैं।




कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बेंगलुरु में फ्रांस के नवनियुक्त महावाणिज्यदूत से मुलाकात की.

# 44 की उम्र में नहीं थमने का नाम ले रही श्वेता तिवारी की हॉटनेस, रिवीलिंग गाउन पहन कैमरे के सामने दिए किलर पोज



टीवी और बॉलीवुड एक्ट्रेस श्वेता तिवारी आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका कातिलाना अवतार सोशल मीडिया पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका किलर अंदाज देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।एक्ट्रेस श्वेता तिवारी टीवी और बॉलीवुड की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं। उन्होंने अपने स्टनिंग अवतार से फैंस को इस कदर दीवाना बनाया है कि लोग उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।एक्ट्रेस की लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्लैक कलर का रिवीलिंग आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग पोज देती हुई नजर आ रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।ओपन हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने इस आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। साथ ही हाथों में सिल्वर एसेसरीज पहनकर अपने इस लुक पर चार चांद लगा दिया है।श्वेता तिवारी हमेशा सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं। उनका हर एक स्टाइल फैंस के बीच आते ही ट्रेंड करने लगता है। इंडियन हो या फिर वेस्टर्न एक्ट्रेस अपने हर लुक में गजब की बला नजर आती हैं।

## छावा से अक्षय खन्ना का खूंखार अवतार आया सामने, डर और दहशत का नया चेहरा, क्रूर मूगल शासक औरंगजेब बने एक्टर



विक्की कौशल की मोस्ट अवेटेड फिल्म छावा का ट्रेलर रिलीज होने वाला है. जिसके लिए फैंस पहले से ही काफी एक्साइटेड हैं. वहीं मेकर्स भी दर्शकों को एक्साइटमेंट को बरकरार रखने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं. ट्रेलर रिलीज के पहले ही मेकर्स ने रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक रिलीज किया वहीं अब मेकर्स ने फिल्म से अक्षय खन्ना के लुक से भी पर्दा उठा दिया है.

विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना के शानदार लुक के बाद, अक्षय खन्ना का फर्स्ट लुक मेकर्स ने रिवील किया जिसमें वे काफी खूंखार लग रहे हैं. अक्षय फिल्म में क्रूर मुगल शासक कहे जाने वाले औरंगजेब की भूमिका निभा रहे हैं, जिसे डर और दहशत का चेहरा बताया गया है. आगामी फिल्म छावा के मेकर्स ने अक्षय खन्ना के किरदार के नए पोस्टर शेयर किए. उन्हें मुगल शहंशाह औरंगजेब के रूप में देखा जा सकता है. एक्टर का लुक इतना शानदार है कि उन्हें पहचानना भी मुश्किल हो रहा है. पोस्टर्स रिलीज करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, डर और दहशत का नया चेहरा – मुगल साम्राज्य के क्रूर शासक मुगल शहंशाह औरंगजेब के रूप में प्रेजेंट हैं अक्षय खन्ना. छावा का ट्रेलर कल रिलीज होगा. फिल्म 14 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.बता दें 21 जनवरी को ही छावा से रश्मिका मंदाना का फर्स्ट लुक रिवील किया गया है. जिसमें रश्मिका येसूबाई भोसले के रोल में दिख रही हैं. रश्मिका मंदाना फिल्म छावा में छत्रपती संभाजी महाराज के पत्नी के रोल में होंगी, यह रोल विक्की कौशल निभा रहे हैं.विक्की कौशल ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर छावा का नया पोस्टर और धांसू मोशन पोस्टर रिलीज करते हुए इसके ट्रेलर की रिलीज डेट अनाउंस की. विक्की ने कैप्शन लिखा, अग्नि भी वो, पानी भी वो, तूफान भी हो, शेर शिवा का छावा भी हो. छावा का ट्रेलर 22 जनवरी को रिलीज हो चुका है. छावा 14 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में आएगी.

# मानुषी छिल्लर को मां का पकाया राजमा चावल और खीर है पसंद



एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर ने हाल ही में अपनी सबसे पसंदीदा डिश का खुलासा किया, जिसे उनकी मां बड़े प्यार से पकाती हैं।पूर्व मिस वर्ल्ड ने अपने इंस्टाग्राम पर एक इंटरैक्टिव आस्क मी एनीथिंग सेशन आयोजित किया, जहां उन्होंने अपने पसंदीदा अभिनेताओं, स्किनकेयर रूटीन के बारे में जानकारी शेयर की और ये भी बताया कि उनकी मां उनके लिए क्या पकाती हैं।मानुषी ने बताया, उनका पकाया राजमा चावल और खीर मुझे पसंद है। ईमानदारी से कहूं तो उनकी हर चीज मुझे अच्छी लगती है।सम्राट पृथ्वीराज की एक्ट्रेस ने यह भी शेयर किया कि ऐश्वर्या राय बच्चन और माधुरी दीक्षित उनकी पसंदीदा एक्ट्रेस हैं जो उन्हें प्रेरित करती हैं।अपनी स्किनकेयर रूटीन के बारे में मानुषी ने बताया, सुबह- हनी वॉश, सीरम, सनस्क्रीन। शाम- क्लींजिंग बाम, क्लींजर, सीरम, आई जेल और मॉइस्चराइज़र।एक प्रशंसक ने पूछा कि क्या उन्हें छात्र जीवन की याद आती है। इस पर मानुषी ने जवाब दिया, मैं अभी भी एक स्टूडेंट हूं, बस एक अलग फील्ड में हूं। मुझे नहीं लगता कि मैं कभी भी स्टूडेंट होना बंद कर सकती हूं; यह हमेशा मेरे लिए स्वाभाविक रूप से रहा है।ऑपरेशन वैलेंटाइन की एक्ट्रेस ने मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में आशीर्वाद लेकर आध्यात्मिक तरीके से नए साल की शुरुआत की थी।काम की बात करें तो, छिल्लर ने ऐतिहासिक नाटक सम्राट पृथ्वीराज से अपने एक्टिंग की शुरुआत की, जहां उन्होंने अक्षय कुमार के साथ साहसी और दृढ़ राजकुमारी संयोगिता का किरदार निभाया। अपने सफल डेब्यू के बाद, मानुषी ने कई प्रोजेक्ट्स में काम किया, जिसमें ऑपरेशन वैलेंटाइन, द ग्रेट इंडियन फैमिली और बड़े मियां छोटे मियां शामिल हैं, जिसमें उन्होंने एक एक्ट्रेस के रूप में अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।उनके भविष्य के प्रोजेक्ट की बात करें तो, मानुषी बहुप्रतीक्षित थ्रिलर तेहरान में एक्टिंग के लिए तैयार हैं, जिसका निर्देशन नवोदित अरुण गोपालन कर रहे हैं। इस फिल्म में जॉन अब्राहम भी हैं। यह रूस-यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित सच्ची घटनाओं से प्रेरित बताई जा रही है। आगामी भू-राजनीतिक थ्रिलर दोनों देशों के बीच चल रहे संघर्ष पर भारत का नजरिया पेश करेगी। यह फिल्म अरुण गोपालन के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है।

# बैड बॉय कार्तिक से नागा शौर्य का पहला लुक सामने आया

वैष्णवी फिल्म्स अपने पहले प्रोडक्शन बैड बॉय कार्तिक के साथ फिल्म इंडस्ट्री में धूम मचाने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसमें गतिशील नागा शौर्य एक बोल्ड नई भूमिका में हैं जो प्रशंसकों को मंत्रमुग्ध कर देगी। अपने बहुमुखी अभिनय के लिए जाने जाने वाले शौर्य बैड बॉय कार्तिक के रूप में बिल्कुल नए, स्वैग से भरे और रवैये से भरे अवतार में कदम रख रहे हैं और इसे देखकर लगता है कि यह प्रोजेक्ट एक हाई-ऑक्टेन, पावर-पैक थ्रिलर होने वाला है जो दर्शकों को एक अविस्मरणीय सवारी पर ले जाएगा।पहला लुक पोस्टर और शीर्षक का खुलासा, जिसने पहले ही काफी चर्चा बटोरी है, नागा शौर्य को पहले कभी नहीं देखी गई छवि में दिखाता है- शांत, भयंकर और आत्मविश्वास से भरा हुआ। रमेश देसीना द्वारा निर्देशित, फिल्म तीव्र एक्शन दृश्यों से भरी एक




मनोरंजक कहानी का वादा करती है, जो शौर्य को अपने प्रदर्शन को सर्वश्रेष्ठ रूप में दिखाने के लिए एकदम सही मंच देती है। अपने नए किरदार बैड बॉय कार्तिक के साथ, नागा शौर्य अपने प्रशंसकों की अपेक्षाओं को पार करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, एक ऐसे किरदार को जीवंत कर रहे हैं जो जितना स्टाइलिश है उतना ही शक्तिशाली भी है।

फिल्म में दिग्गज झारिस जयराज का संगीत होगा, जिनकी संगीत रचनाएँ फिल्म की गहन कथा को पूरक बनाने की उम्मीद है। सिनेमैटोग्राफर रसूल एलोर और एडिटर कोटागिरी वेंकटेश्वराव की मौजूदगी यह सुनिश्चित करती है कि बैड बॉय कार्तिक शानदार संपादन और शानदार दृश्यों के साथ एक शानदार दृश्य होगा जो दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखेगा। हमेशा भरोसेमंद रहे रामंजनेयुलु भी इस रोमांचक टीम का हिस्सा हैं, जो फिल्म की इंडस्ट्री में गेम-चेंजर बनने की क्षमता को और मजबूत करता है।फर्स्ट-लुक पोस्टर और शीर्षक के खुलासे से अपार प्रत्याशा पैदा हो रही है, सभी की निगाहें वैष्णवी फिल्म्स के इस रोमांचक नए उद्यम पर हैं।

## टीजर के साथ जेलर 2 का एलान, 74 की उम्र में दमदार एक्शन करते नजर आए सुपरस्टार रजनीकांत

अभिनेता रजनीकांत फिल्म जेलर 2 से परदे पर छाने आ रहे हैं। इस फिल्म का अनाउंसमेंट टीजर जारी हो गया है। इसमें रजनीकांत एक्शन मुद्रा में दिख रहे हैं। 74 साल की उम्र में भी वे परदे पर दमदार एक्शन दिखाते नजर आएंगे। साल 2023 में रजनीकांत की फिल्म जेलर सिनमाघरों में रिलीज हुई थी। इसने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की। अब मेकर्स जेलर 2 लेकर आ रहे हैं। निर्माताओं ने रजनीकांत के फैंस को तोहफा देते हुए जेलर 2 का टीजर जारी कर दिया है। टीजर में रजनीकांत अपने चिर-परिचित अंदाज में चश्मा लगाए दुश्मनों के छक्के छुड़ाते दिख रहे हैं। टीजर की शुरुआत में जेलर 2 के निर्देशक नेल्सन और म्यूजिक डायरेक्टर अनिरुद्ध नई स्क्रिप्ट की चर्चा कर रहे हैं। अचानकर आसपास गोलाबारी और तोड़फोड़ होने लगती है। फिर होती है रजनीकांत की धमाकेदार एंट्री। एक हाथ में बंदूक और एक हाथ में तलवार थामे रजनीकांत ने टीजर में दिल जीत लिया है।टीजर की कुल अवधि चार मिनट की है और काफी दिलचस्प है। बात करें फिल्म जेलर की तो यह रजनीकांत के करियर की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म रही। दूसरे पार्ट को लेकर भी दर्शकों में उत्साह है। फिलहाल टीजर को काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है।

## बॉक्स ऑफिस पर इमरजेंसी की हालत खस्ता, छठे दिन लाखों में सिमटी कमाई

कंगना रनौत ने लंबे समय से हिट फिल्म का मुंह नहीं देखा था। उन्हें उम्मीद थी कि उनकी फिल्म इमरजेंसी सफल होगी और इसके जरिए सालों बाद उन्हें एक हिट फिल्म नसीब होगी, लेकिन इसने भी उन्हें निराश कर दिया।आलम यह है कि फिल्म की रिलीज को अभी 5 दिन पूरे हुए हैं और यह बॉक्स ऑफिस पर दम तोड़ती दिख रही है।पांचवें दिन के बाद छठे ही दिन इसकी कमाई लाखों में सिमट गई है।इमरजेसी ने पहले दिन 2.5 करोड़ की कमाई की थी। दूसरे दिन फिल्म ने 3.6 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।तीसरे दिन इमरजेसी ने 4.25 करोड़ रुपये तो चौथे दिन 1.05 करोड़ रुपये कमाए थे। पांचवें दिन फिल्म ने 1 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया।

# सफेद या लाल प्याज में कौन-सा है ज्याद फायदेमंद, जानें दोनों में फर्क



प्याज हमारे दैनिक जीवन का बहुत उपयोगी चीज हैं. भारतीय घरों में प्याज का प्रयोग लगभग हर व्यंजन में किया जाता है. यह न सिर्फ खाने का स्वाद बढ़ाता है बल्कि सेहत को भी कई फायदे पहुंचाता है. खाने का स्वाद बढ़ाने में प्याज और तड़के में अहम भूमिका निभाती हैं. हमारे घरों में ज्यादातर लाल प्याज का इस्तेमाल होता है, लेकिन बाजार में लाल प्याज के अलावा सफेद प्याज भी नजर आते हैं. ऐसे में जब भी लोग बाजार आते हैं तो उन्हें पता चलता है कि ये दोनों एक जैसे हैं और इन्हें किसी भी तरह से किसी भी खाने में इस्तेमाल किया जा सकता है. लेकिन सच तो यह है कि लाल और सफेद प्याज के स्वाद, पोषण और उपयोग में बड़ा अंतर होता है. आज हम आपको बताएंगे सफेद प्याज और लाल प्याज के बीच अंतर क्या है...

### सफेद और लाल प्याज के बीच अंतर-

रंग और बनावट कैसा होता है

एक्सपर्ट के मुताबिक लाल प्याज गहरे लाल या बैंगनी रंग की परतों वाला होती है. इसका भीतरी भाग गुलाबी रंग का होता है. वहीं, सफेद प्याज का बाहरी हिस्सा सफेद रंग का होता है और इसका अंदरूनी हिस्सा भी पूरी तरह से सफेद होता है.

स्वाद में कैसा होता है

लाल प्याज का स्वाद थोड़ा तीखा होता है और मसालेदार होता है. इसका उपयोग सलाद और भारतीय भोजन में तड़के के रूप में सबसे अधिक किया जाता है. और सफेद प्याज में मीठा और हल्का स्वाद होता है, जिसको सूप, स्वादिष्ट और हल्के व्यंजनों के लिए बेहद खास माना जाता है.

### लाल प्याज के फायदे

लाल प्याज में क्वेरसेटिन नामक एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है, जो शरीर में मुक्त कणों को कम करने में मदद करता है. यह हृदय संबंधी समस्याओं और कैंसर के खतरे को भी कम कर सकता है. खून को साफ करने और कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मदद करता है. लाल प्याज में पाया जाने वाला विटामिन सी और सल्फर इम्युनटी सिस्टम को मजबूत करता है.

### सफेद प्याज के फायदे

सफेद प्याज फाइबर से भरपूर पाया जाता है, जो आपके पाचन तंत्र को बेहतर बनाता है. सफेद प्याज पेट की समस्याओं जैसे कब्ज और एसिडिटी को दूर करने में मदद करता है. साथ ही इसमें मौजूद कैल्शियम और फॉस्फोरस हड्डियों को मजबूत बनाने में काफी सहायता करते हैं. सफ़ेद रस त्वचा को चमकदार बनाने और बालों को सफ़ेद होने से रोकने में फायदेमंद है.

# सर्दियों के दौरान अपनी डाइट में शामिल करें मूली के पत्ते, मिलेंगे कई विटामिन और मिनरल्स



सर्दियों में हम अक्सर गर्म और पौष्टिक चीजें खाने की सोचते हैं। ऐसे में मूली के पत्ते एक बेहतरीन विकल्प हो सकते हैं। ये न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होते हैं।मूली के पत्तों में कई जरूरी पोषक तत्व होते हैं, जो सर्दियों में शरीर को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं।आइए जानते हैं कि क्यों आपको अपनी सर्दियों की डाइट में मूली के पत्तों को जरूर शामिल करना चाहिए।

### इम्यूनिटी बढ़ाने में है सहायक

मूली के पत्ते विटामिन-सी का अच्छा स्रोत होते हैं, जो इम्यूनिटी को मजबूती देने में मदद कर सकता है।सर्दियों में ठंड और फ्लू जैसी बीमारियां आम होती हैं तो ऐसे में इम्यूनिटी बढ़ाना बहुत जरूरी होता है।मूली के पत्ते खाने से शरीर की इम्यूनिटी बढ़ सकती है, जिससे आप बीमारियों से बच सकते हैं।इसके अलावा इनमें एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं, जो शरीर को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचा सकते हैं।

### हड्डियों को दे सकते हैं मजबूती

मूली के पत्तों में कैल्शियम और फास्फोरस जैसे खनिज भरपूर मात्रा में होते हैं, जो हड्डियों की मजबूती के लिए जरूरी हैं।सर्दियों में हड्डियों पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है इसलिए इनकी देखभाल करना जरूरी है।मूली के पत्तों के सेवन से हड्डियां मजबूत बनी रहती हैं और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी समस्याओं का खतरा भी कम हो जाता है।इसके अलावा ये पत्ते शरीर को आवश्यक पोषण भी प्रदान करते हैं, जिससे आपकी हड्डियां लंबे समय तक स्वस्थ रहती हैं।

### वजन घटाने में है मददगार

अगर आप वजन घटाने की सोच रहे हैं तो मूली के पत्ते आपके लिए फायदेमंद हो सकते हैं।इनमें कैलोरी कम होती है और फाइबर की मात्रा भरपूर होती है, जिससे पेट भरा हुआ महसूस होता है और भूख कम लगती है।इससे आप अनावश्यक खाने से बच सकते हैं और वजन नियंत्रित रख सकते हैं।मूली के पत्तों का सेवन आपको लंबे समय तक तृप्ति का अहसास कराता है, जिससे आप स्वस्थ तरीके से वजन घटा सकते हैं।

### त्वचा को निखारने में है कारगर

मूली के पत्तों का सेवन त्वचा के लिए फायदेमंद होता है।

इनमें विटामिन-ए और विटामिन-सी होते हैं, जो त्वचा को निखारने और चमकदार बनाने में मदद कर सकते हैं। ये पोषक तत्व त्वचा की कोशिकाओं की मरम्मत करते हैं, जिससे चेहरा तरोताजा महसूस होता है।

इसके अलावा इनका सेवन करने से मुंहासे और दाग-धब्बे होने का खतरा भी कम हो जाता है, जिससे आपकी त्वचा साफ और स्वस्थ दिखती है।

### पेट संबंधी समस्याओं का है समाधान

सर्दियों में पेट संबंधी समस्याएं जैसे कब्ज और अपच बढ़ सकती हैं। मूली के पत्ते इसमें फायदेमंद होते हैं।इनमें मौजूद रेशेदार तत्व आंतों की गति को बढ़ाकर मल त्याग को आसान बनाते हैं, जिससे कब्ज जैसी समस्या दूर होती है।ये पत्ते पाचन क्रिया को सुधारते हैं और पेट की गैस या भारीपन से राहत दिलाते हैं। मूली के पत्तों का सेवन आपके पाचन तंत्र को स्वस्थ बनाए रखने में मदद कर सकता है।

# डोनाल्ड ट्रंप को बड़ा झटका, बर्थराइट सिटिजनशिप खत्म करने के आदेश पर कोर्ट ने लगाई रोक



वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका की एक अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा जारी किए गए बर्थराइट सिटिजनशिप समाप्त करने के आदेश को असंवैधानिक ठहराते हुए उसे रोक दिया है। ट्रंप ने राष्ट्रपति पद संभालते ही एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत उन लोगों की नागरिकता छिनने की धमकी थी जिनके माता-पिता अमेरिकी नागरिक नहीं थे लेकिन वे जन्म के आधार पर अमेरिकी नागरिक थे।

डेमोक्रेट्स के नेतृत्व वाले चार राज्यों वाशिंगटन, एरिजोना, इलिनोइस और ओरेगन ने ट्रंप के आदेश के खिलाफ अदालत में याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई के पश्चात् यूएस डिस्ट्रिक्ट जज जॉन कॉफनर ने ट्रंप के आदेश को लागू होने से रोक दिया है। कोर्ट ने एक अस्थायी आदेश जारी करते हुए कहा है कि यह आदेश अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन का उल्लंघन करता हैडोनाल्ड ट्रंप ने 20 जनवरी 2025 को अपने दूसरे कार्यकाल के लिए अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण करते ही बर्थराइट सिटिजनशिप को समाप्त करने का आदेश जारी किया था। इस आदेश के तहत 20 फरवरी से उन व्यक्तियों की नागरिकता रद्द की जानी थी जिनके माता-पिता अमेरिकी नागरिक नहीं थे, जिससे उनकी 'अवैध' नागरिकता समाप्त हो जाती। डेमोक्रेटिक शासित राज्यों ने कहा कि ट्रंप का आदेश अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन के नागरिकता खंड में निहित अधिकार का उल्लंघन करता है, जिसमें स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि अमेरिका में जन्मे किसी भी व्यक्ति को देश का नागरिक माना जाएगा। एक प्रतिनिधि ने कहा, यह मेरे दिमाग को झकझोर देता है। यह स्पष्ट रूप से असंवैधानिक आदेश है।ट्रंप ने सोमवार को शपथ लेने के बाद अमेरिकी एजेंसियों को निर्देश दिया था कि वे ऐसे बच्चों की नागरिकता स्वीकार न करें जिनके माता-पिता अमेरिकी नागरिक नहीं हैं। हालांकि, अदालत के आदेश के बाद यह आदेश फिलहाल लागू नहीं हो पाएगा।

# कंगना रनौत की 'इमरजेंसी' का लंदन में विरोध, दर्शकों को मिल रही धमकियां- ब्रिटिश सांसद बॉब ब्लैकमैन ने की निंदा

मुंबई,(आरएनएस)। कंगना रनौत की हालिया रिलीज 'इमरजेंसी' को लंदन में विरोध का सामना करना पड़ रहा है। कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने इसकी कड़ी निंदा की है। उन्होंने गृह सचिव से मामले में दखल देने की सिफारिश की है। बॉब ब्लैकमैन के मुताबिक 'इमरजेंसी' देखने पहुंचे लोगों को धमकाया गया।



बता दें, लंदन में कई जगह 'इमरजेंसी' दिखाई जा रही थी। इस दौरान कुछ लोगों ने फिल्म देख रहे दर्शकों को डराया और धमकी दी। मामले को लेकर विपक्षी कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद बॉब ब्लैकमैन ने ब्रिटेन के गृह सचिव से दखल देने की मांग की है। बॉब ब्लैकमैन उत्तर-पश्चिम लंदन निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं और कथित खालिस्तान समर्थकों ने इसी इलाके के लोगों को फिल्म देखने पर धमकी दी।

जानकारी के अनुसार 'इमरजेंसी' की स्क्रीनिंग के दौरान सिनेमाघर में घुस आए थे। मामले की निंदा करने वाले सांसद बॉब ब्लैकमैन ने हाउस ऑफ कॉमन्स को बताया कि 'इमरजेंसी' को कई विवादों का सामना करना पड़ रहा है। फिल्म की स्क्रीनिंग में पहुंचे लोगों को धमकाया गया। फिल्म देखने पर धमकाने की खबर बर्मिंघम, स्लो, वॉल्वरहैम्प्टन, मैनचेस्टर और स्टेन्स से सामने आई है।

# तुर्की के स्की रिजॉर्ट में आग की घटना में मरने वालों की संख्या 78 हुई

अंकारा ,(आरएनएस)। तुर्की के उत्तर-पश्चिमी बोलू प्रांत स्थित कार्तलकाया स्की रिजॉर्ट में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है। देश के न्याय मंत्री यिलमाज तुनक ने गुरुवार को यह जानकारी दी है। इस घटना के सिलसिले में 11 लोगों को हिरासत में लिया गया है।तुनक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर बताया कि जिन लोगों को हिरासत में लिया गया है, उनमें उप महापौर, अग्निशमन प्रमुख और होटल के मालिक तथा प्रबंधक शामिल हैं। मामले की जांच जारी है।बारह मंजिला इस होटल में मंगलवार सुबह आग लग गई थी। चौथी मंजिल पर स्थित एक रेस्टोरेंट में यह आग लगी थी जो धीरे-धीरे ऊपरी मंजिलों तक फैल गई।तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने बुधवार को राष्ट्रीय शोक दिवस की घोषणा की।कैबिनेट बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में एर्दोगन ने कहा, इस घटना के पीछे जो भी दोषी हैं, जिनकी लापरवाही पाई जाएगी, उन्हें कानून के सामने जवाबदेह ठहराया जाएगा।समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, उन्होंने बताया कि 17 घायलों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है तथा अन्य घायलों का उपचार जारी है, जिनमें से एक को गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में रखा गया है।होटल में 238 मेहमानों के ठहरने की व्यवस्था थी।कार्तलकाया इस्तांबुल से लगभग 300 किलोमीटर पूर्व में कोरोग्लू पहाड़ों में एक लोकप्रिय स्की रिजॉर्ट है।बोलू उत्तरी तुर्की का एक शहर और बोलू प्रांत तथा बोलू जिले का प्रशासनिक केंद्र है, जो इस्तांबुल और अंकारा के बीच राजमार्ग पर स्थित है।

# अब दो पुरुष भी आपस में कर सकेंगे शादी, लड़कियों को भी मिली छूट

बैंकॉक (आरएनएस)। समलैंगिक विवाह को लेकर थाईलैंड सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। जिसकी दुनियाभर में तारीफ हो रही है। थाईलैंड में पिछले साल समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता मिलने के बाद यह अब देशभर में लागू हो गया है। दक्षिण-पूर्व एशिया में ऐसा करने वाला थाईलैंड पहला देश बना है।

विवाह की कानूनी मान्यता मिलने के बाद समलैंगिक जोड़ों में खुशी की लहर है। वह सरकार के इस कदम को सपने सच होने जैसा बता रहे हैं। इस खुशी में गुरुवार को पूरे थाईलैंड में लोगों ने जश्न मनाया। समलैंगिक विवाह कानून की मांग करने वाले कार्यकर्ताओं ने इसे बड़ी जीत कहा। थाईलैंड में बड़ी संख्या में समलैंगिक जोड़ों ने सामूहिक विवाह में हिस्सा लिया।दरअसल, एक दशक से भी अधिक समय से थाईलैंड में एलजीबीटीक्यू समुदाय समलैंगिक विवाह की मांग कर रहा था। थाईलैंड की संसद से पारित विधेयक को पिछले साल राजा ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस कानून की वजह से समलैंगिक जोड़ों को वित्तीय, कानूनी और चिकित्सीय अधिकार मिल गए हैं। वह बच्चा गोद लेने में भी सक्षम होंगे। सीएनएन को समलैंगिक विवाह करने वाले पिसिट सिरिहिरंचाई ने बताया कि यह मेरे जीवन का सबसे खुशी का दिन है। हम आखिरकार वह कर पाए जो हम लंबे समय से करना चाहते थे। अब हम एक पूर्ण परिवार हैं।

सभी सम्मान के हकदार हैं- थाई पीएम

सामूहिक समलैंगिक विवाह का आयोजन थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री पैतोंगटार्न शिनवात्रा ने एक संदेश भी जारी किया। इसमें उन्होंने कहा कि यह विवाह कानून लैंगिक विविधता के बारे में थाई समाज की व्यापक जागरूकता की शुरुआत है।

# जल्द से जल्द पुतिन से मिलना चाहता हूं, लाखों जिंदगियों का सवाल है ; रूस-यूक्रेन युद्ध पर ट्रंप



वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह यूक्रेन के साथ युद्ध को खत्म करने के लिए जल्द से जल्द रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलना चाहते हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की युद्ध खत्म करने के लिए समझौते के लिए तैयार हैं।

ट्रंप की यह टिप्पणी उनके पिछले बयान से काफी अलग है। इस हफ्ते की सप्ताह की शुरुआत में, उन्होंने धमकी थी कि अगर मॉस्को समझौता नहीं करता है तो वह रूस पर उच्च स्तर के प्रतिबंध लगा देंगे और वहां से आयात पर शुल्क लगा देंगे।

5 नवंबर को चुनाव जीतने से पहले ट्रंप ने कई बार दावा किया कि वह पहले दिन ही यूक्रेन और रूस के बीच समझौता कर लेंगे। हालांकि अब उनके सलाहकार मानते हैं कि युद्ध को सुलझाने में महीनों लग जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रंप ने दावोस में विश्व आर्थिक मंच को वीडियो लिंक के जरिए संबोधित करते हुए कहा, मैं वास्तव में जल्द ही राष्ट्रपति पुतिन से मिलना चाहूंगा ताकि युद्ध समाप्त हो सके।और यह अर्थव्यवस्था या किसी अन्य चीज के नजरिए से नहीं कह रहा हूं। यह इस दृष्टिकोण से कह रहा हूं कि लाखों लोगों की जिंदगी बर्बाद हो रही हैं... यह एक नरसंहार है। और हमें वास्तव में युद्ध को रोकना होगा।बाद में व्हाइट हाउस में बोलते हुए ट्रंप ने मीडिया से कहा कि वह इस हास्यास्पद युद्ध को समाप्त करने के लिए जल्द से जल्द पुतिन से मिलने के लिए तैयार हैं।ट्रंप ने कहा, मैंने जो सुना है, उसके अनुसार पुतिन मुझसे मिलना चाहेंगे। उन्होंने ने दावा किया कि यूक्रेनी राष्टपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने उनसे कहा था कि वह युद्ध समाप्त करने के लिए एक समझौता करने के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने दावोस में प्रतिभागियों से कहा कि शांति समझौते के लिए अमेरिकी कोशिश अब उम्मीदों के साथ जारी है हालांकि उन्होंने कोई विवरण नहीं दिया।

# चीन के साथ अच्छे व्यापारिक संबंध चाहते हैं डोनाल्ड ट्रंप, समान अवसर पर दिया जोर

वाशिंगटन(आरएनएस) अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन के साथ बहुत अच्छे संबंध बनाने की उम्मीद करते हैं। दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यईएफ) को वर्चुअली संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, उन्होंने (शी जिनपिंग) मुझे फोन किया। लेकिन मैं इसे बहुत अच्छा मानता हूं। मुझे लगता है कि हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध होने जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि अमेरिका पूर्व राष्ट्रपति बाइडेन की नीतियों के कारण व्यापारिक घाटे की मार झेल रहा है।उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ टेलीफोन पर हुई अपनी बातचीत के बारे में कहा, मुझे लगता है कि हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध होने जा रहे हैं। हम बस निष्पक्षता चाहते हैं। हम लाभ उठाने की ताक में नहीं हैं, हम बस एक समान अवसर चाहते हैं।संबंधों को अनुचित बताते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिका लाभ नहीं उठाना चाहता, बल्कि निष्पक्षता चाहता है।उन्होंने व्यापार घाटे को हाथ से निकल जाने के लिए बाइडेन प्रशासन की भी आलोचना की।ट्रंप ने कहा, चीन के साथ जो हमारे व्यापारिक संबंध रहे उससे हम काफी घाटे में रहे।

# मस्क के सैल्यूट का नेतन्याहू ने किया बचाव, बोले उन्हें बदनाम किया जा रहा

यरुशलम,(आरएनएस)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सलामी विवाद को लेकर टेस्ला के मालिक एलन मस्क का बचाव किया है। नेतन्याहू के मुताबिक टेक दिग्गज को बदनाम किया जा रहा है।नेतन्याहू ने गुरुवार को मस्क के स्वामित्व वाली सोशल मीडिया साइट एक्स पोस्ट में कहा, एलन इजरायल के बहुत अच्छे दोस्त हैं।मस्क को ट्रंप ने अमेरिकी सरकार के खर्च में कटौती करने का काम सौंपा है।टेक दिग्गज का पक्ष लेते हुए नेतन्याहू ने कहा कि मस्क ने नरसंहार करने वाले आतंकवादियों और एकमात्र यहूदी राज्य को खत्म करने की कोशिश करने वाले शासनों के खिलाफ इजरायल के खुद का बचाव करने के अधिकार का बार-बार और जोरदार तरीके से समर्थन किया है।उन्होंने हमास द्वारा 7 अक्टूबर, 2023 को किए गए हमले के बाद मस्क की इजरायल यात्रा का भी उल्लेख किया।उस यात्रा के बाद एक अलग विवाद हुआ था, जिसमें टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पर यहूदी विरोधी होने का आरोप लगाया गया था।उस समय, मस्क ने यहूदी लोगों पर श्वेतों के प्रति घृणा का आरोप लगाते हुए एक पोस्ट का समर्थन किया था, इसे वास्तविक सच्चाई कहा था। बाद में उन्होंने माफी भी मांगी थी। 2022 में उनके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यहूदी-विरोधी और नस्लवाद के अन्य रूपों को फैलाने का आरोप लगाया गया।नवंबर 2023 की यात्रा के दौरान मस्क ने नेतन्याहू के साथ हमास द्वारा हमला किए गए किबुत्ज का दौरा किया और इजरायली राष्ट्रपति इसहाक हर्ज़ोग से मुलाकात की, जिन्होंने उन्हें बताया कि यहूदी-विरोधी भावना का मुकाबला करने में उन्हें बहुत बड़ी भूमिका निभानी है।

## खेल समाचार

# ऑस्ट्रेलियन ओपन : चोट के कारण जोकोविच के रिटायर होने से ज्वेरेव फाइनल में

मेलबर्न(ए)। नोवाक जोकोविच का रिकॉर्ड 11वां ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने की कोशिश को उस समय बड़ा झटका लगा जब सर्बियाई दिग्गज शुक्रवार को एलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ़ सेमीफ़ाइनल के पहले सेट के बाद चोट के कारण रिटायर हो गए।पहला सेट 81 मिनट में हारने के बाद, जोकोविच उस समय रिटायर हो गए जब ज्वेरेव मैच में 7-6(5) से आगे चल रहे थे। जोकोविच ने मिनी-ब्रेक देने के लिए गेंद को नेट में भेजा और पहला सेट टाईब्रेक में हार गए। 7-6(5) ओपनिंग सेट हारने के तुरंत बाद, जोकोविच ने नंबर 2 से हाथ मिलाया और जर्मन को फ़ाइनल में पहुंचा दिया।अपने तीसरे मेजर फ़ाइनल में, ज्वेरेव का सामना गत विजेता जैनिक सिनर या घरेलू पसंदीदा एलेक्स डी मिनौर से होगा। जर्मन खिलाड़ी रविवार को अपना पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन फ़ाइनल खेलेंगे।सर्बियाई खिलाड़ी ने शुरुआती सेट में ज्वेरेव को कड़ी टक्कर दी, लेकिन सेट पॉइंट पर वॉली मिस करने के बाद वह आगे नहीं बढ़ पाए।

# अंपायर के फैसले का विरोध करने के कारण अंकित बावने पर एक रणजी मैच का प्रतिबंध

नासिक (ए)। महाराष्ट्र के बल्लेबाज़ अंकित बावने पर अंपायर के फ़ैसले का विरोध करने के कारण एक मैच का प्रतिबंध लगा है। यह प्रतिबंध गुरूवार से शुरू हुए रणजी ट्रॉफ़ी के छठे राउंड के मैच पर लागू हुआ और वह नासिक में शुरू हुए बड़ौदा के खिलाफ ग्रुप ए मैच का हिस्सा नहीं बन पाए। इस निर्णय की जानकारी मैच से ठीक पहले टीम प्रबंधन को दी गई।बावने ने रणजी ट्रॉफ़ी के पांचवें राउंड के दौरान सर्विसेज के ख़िलाफ़ मैच में अपने आउट करार देने के फ़ैसले का विरोध किया था। उनका मानना था कि गेंद स्लिप में खड़े शुभम रोहिल्ला के हाथ में पहुंचने से पहले ज़मीन को छूकर गई थी। रिप्ले में भी यही दिखा लेकिन चूंकि यह मैच सिर्फ़ स्ट्रीमिंग हो रहा था, टेलीवाइ नहीं इसलिए बावने इसके लिए रिव्यू नहीं ले पाए। आपको बता दें कि रणजी ट्रॉफ़ी का जो मैच टेलीविज़न पर नहीं आता, उसमें डीआरएस भी नहीं होता।उस मैच में महाराष्ट्र के कप्तान रहे बावने ने इस निर्णय के बाद मैदान को छोड़ने से इनकार कर दिया था, जिसके कारण लगभग 15 मिनट तक खेल रूका रहा। मैच रेफ़री अमित शर्मा और महाराष्ट्र के कोच सुलक्षण कुलकर्णी के हस्तक्षेप के बाद ही मैच दोबारा शुरू हो पाया।इस घटना के बाद कुलकर्णी ने बयान दिया था कि अगर खिलाड़ियों पर निर्णय का विरोध करने पर जुर्माने और दंड का प्रावधान है तो अंपायरों का भी मूल्यांकन क्यों नहीं होता? ऐसे अंपायर, अंपायरिंग करना कैसे जारी रख सकते हैं, जिससे खेल भी प्रभावित होता हो। अगर आप ऐसे ब्लंडर करेंगे, तो खिलाड़ी गुस्सा करेगा ही। उस समय महाराष्ट्र के नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने भी इस पर अपनी नाराज़गी जाहिर की थी और अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर रिप्ले के फ़ुटेज़ डाले थे। तब गायकवाड़ इंडिया ए टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया में थे। बावने इस रणजी सीज़न महाराष्ट्र के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज़ हैं। उन्होंने पांच मैचों में एक शतक और दो अर्धशतकों के साथ 51.57 की औसत से 361 रन बनाए हैं। महाराष्ट्र फ़िलहाल अपने ग्रुप में नीचे से दूसरे स्थान पर है और नॉकआउट में पहुंचने के दौड़ से बाहर हो चुकी है।

# भारतीय टीम दूसरे टी20 में जीत का सिलसिला बनाये रखने उतरेगी

चेन्नई (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में भी अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेगी। भारतीय टीम ने पहले टी20 में अभिषेक शर्मा की शानदार बल्लेबाजी और तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की घातक गेंदबाजी से जीत हासिल की थी। इससे वह पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे है। अब अभिषेक इस मैच में भी बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। वहीं इस मैच में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को अवसर मिलना भी तय माना जा रहा है। शमी पहले मैच में शामिल नहीं किये गये थे। भारतीय टीम निश्चित तौर पर शमी को मैदान पर उतारना चाहेगी हालांकि यह सब कुछ उनकी फिटनेस पर निर्भर करेगा। शमी को अंतिम ग्यारह में जगह मिली तो स्पिनर रवि बिश्नोई को आराम दिया जा सकता है। बिश्नोई ने पहले मैच में इंग्लैंड के खिलाफ 4 ओवर फेंके थे. इस दौरान 22 रन दिए थे. लेकिन एक भी विकेट नहीं ले पाए थे।

ईडन गार्डंस की पिच से तेज और स्पिन गेंदबाजों को पर्याप्त मदद मिल रही थी पर चेपक स्टेडियम की पिच से स्पिनरों को और अधिक सहायता मिलने की संभावना है। ऐसे हालातों में वरुण चक्रवर्ती के अलावा उप कप्तान अक्षर




पटेल और रवि बिश्नोई को भी अंतिम ग्यारह में जगह मिलन तय माना जा रहा है। दूसरी ओर इंग्लैंड की तरफ से अनुभवी स्पिनर आदिल रशीद और लियम लिविंगस्टोन भारतीय बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने का प्रयास करेंगे।

अभिषेक और सैमसन ने पहले मैच में भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई थी और इस बार भी दोनों एक बार फिर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाने के इरादे से उतरेंगे। सैमसन पहले मैच में लंबी पारी नहीं खेल पाए थे पर अभिषेक ने 34 गेंद पर 79 रनों की आक्रामक पारी खेल थी। सैमसन का लक्ष्य इस मैच में बड़ी पारी खेलना रहेगा। भारतीय टीम की बल्लेबाजी कप्तान सूर्यकुमार यादव के अलाव नितीश रेड्डी और तिलक वर्मा पर आधारित रहेगी।

दूसरी ओर इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने कहा कि उनकी टीम को सीरीज में वापसी करने के लिए आक्रामक खेल खेलते हुए भारतीयच टीम पर दबाव बनाये रखना होगा। ब्रूक ने दूसरे टी20 से पहले कहा, 'हम बिलकुल भी दबाव में नहीं हैं। भारत एक बहुत अच्छी टीम है इसलिए हम जानते थे कि वे हमें कड़ी टक्कर देंगे और हां, उन्होंने शानदार खेल दिखाया। हमें बस दबाव बनाए रखने की जरूरत है, वही संदेश जो कोच ब्रेंडन मैकुलम) हर समय देते रहे हैं। वहीं कप्तान जोस बटलर ने इससे पहले कहा था कि उनकी टीम को भारतीय हालातों में स्पिनरों का सामना करने के लिए नये तरीके तलाशने होंगे। ईडन गार्डन्स में जीत के बाद भारतीय टीम पांच मैच की सीरीज में अभी 1-0 से आगे चल रही है।दोनो संभावित टीमें भारत : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेट कीपर), तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, रिंकू सिंह, नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्तीइंग्लैंड : जोस बटलर (कप्तान), फिल साल्ट (विकेट कीपर), बेन डकेट, हैरी ब्रुक, लियाम लिविंगस्टोन, जैकब बेथेल, जेमी ओवरटन, रेहान अहमद, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, मार्क वुड।

# अब ईशान किशन खोलेंगे क्रिकेट एकेडमी

पटना (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाल ईशान किशन भी अब क्रिकेट एकेडमी खोलने जा रहे हैं। ईशान से पहले इरफान और यूसुफ पठान के अलावा आकाशदीप सिंह ने भी अपनी क्रिकेट एकेडमी खोली थी। ईशान के



एकेडमी खोलने से बिहार के क्रिकेट प्रेमी युवाओं को लाभ होगा। इससे उन्हें भारतीय टीम में रहे खिलाड़ियों की देखरेख में क्रिकेट सीखने का मौका मिलेगा। ईशान की एकेडमी का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और उम्मीद है कि फरवरी महीने में इसका उद्घाटन कर दिया जाएगा। ईशान ने अपनी एकेडमी का नाम द ईशान किशन एकेडमी रखा है। यह राजधानी पटना के एनर्जी पार्क के पास बन रही है। अनुमान है कि 15 फरवरी से पहले इसका उद्घाटन खुद ईशान करेंगे। फिलहाल एकेडमी में एडमिशन शुरू हो चुके हैं। एकेडमी में चार सीमेंटेड पिच और चार टर्फ एरिया बनाए जा रहे हैं।

# दक्षिण अफ्रीका में क्रिकेट ही नहीं फुटबॉल सहित अन्य खेल भी लोकप्रिय : रोड्स



कोलकाता(ए)। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर जॉटी रोड्स आजकल भारत दौरे पर हैं। इसी दौरान रोड्स ने कहा है कि हमारे देश में क्रिकेट ही नहीं फुटबॉल सहित अन्य खेल भी लोकप्रिय हैं। साथ ही कहा कि हम भी इन सभी खेलों को खेलते हुए ही बड़े हुए हैं। .. हम दक्षिण अफ्रीका में विशेष रूप से अपने परिवार में विभिन्न खेलों के माध्यम से सक्रिय रहते हैं। मुझे लगता है कि केवल देश के लिए खेलना ही अहम नहीं है। चाहे आप युवक हों या युवती, यह बहुत अच्छा है कि आपके पास आकांक्षाएं और लक्ष्य हों और आप खेलें क्योंकि यह फिट रहने का एक अच्छा तरीका है।

वहीं दक्षिण अफ्रीका के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहली बार पहुंचने पर भी रोड्स ने खुशी जतायी है। उन्होंने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, मैं एक दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट खिलाड़ी हूं। मैं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में दक्षिणी क्रिकेट टीम के पहुंचने से बहुत उत्साहित हूं। हम पहली बार खिताबी मुकाबले तक पहुंचे हैं। यह एक बड़ी बात है कि हम विश्व की कुछ अच्छी टीमों को पीछे छोड़कर यहां तक पहुंचे हैं। यह दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के लिए एक अहम उपलब्धि है।

# एमसीए का नाम 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

**14,505 गेंदों के साथ लिखा , 'फिफ्टी इयर्स ऑफ वानखेड़े स्टेडियम**

मुंबई (ए)। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के नाम अब एक और उपलब्धि जुड़ गयी है। वानखेड़े स्टेडियम के 50 साल पूरे होने के अवसर पर एमसीए ने 14,505 गेंदों के साथ ही सबसे बड़ा वाक्य बनाकर विश्व रिकार्ड बनाया है। इससे एमसीए का नाम गिनीज बुक में दर्ज हो गया है। एमसीए ने सबसे बड़े वाक्य के लिए 14,505 लाल और सफेद गेंदों का इस्तेमाल किया। वानखेड़े स्टेडियम देश के सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट स्थलों में से एक मान जाा है और इसमें से कई स्टार खिलाड़ी निकले हैं। इसी स्टेडियम में भारत ने दूसरी बार विश्वकप अपने नाम किया। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा कि हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मुंबई क्रिकेट संघ ने वानखेड़े स्टेडियम में 14,505 लाल और सफेद क्रिकेट गेंदों का उपयोग करके क्रिकेट गेंद से सबसे बड़ा वाक्य 'फिफ्टी इयर्स ऑफ वानखेड़े स्टेडियम बनाकर 'गिनीज विश्व रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने कहा कि वानखेड़े में पहले टेस्ट मैच की 50वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में यह अविश्वसनीय उपलब्धि स्वर्गीय एकनाथ सोलकर और मुंबई के अन्य पूर्व खिलाड़ियों की स्मृति को समर्पित है जिन्होंने पूर्व में मुंबई क्रिकेट के लिए समर्पित होकर खेला है।यह रिकॉर्ड 1975 में 23 से 29 जनवरी तक भारत और वेस्टइंडीज के बीच वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए पहले अंतरराष्ट्रीय मैच की सालगिरह पर बनाया गया।

# नकली दाड़ी और मूंछ लगाकर एसए 20 लीग मुकाबले देखने पहुंचे डिविलियर्स



जोंहांसबर्ग (ए)। दक्षिण अफ्रीका के स्टार खिलाड़ी एबी डिविलियर्स एक अलग ही अंदाज में नजर आये हैं। डिविलियर्स यहां टी20 लीग एसए 20 मुकाबले देखने के लिए नकली दाड़ी और मूंछ लगाकर पहुंचे। इससे उन्हें पहचानना कठिन हो गया। डिविलियर्स ने अपनी पत्नी के साथ ही सोशल मीडिया पर एक वीडियो भेजकर लिखा, मैं ग में भेष बदलकर, एक प्रशंसक के रूप पहुंचा।

वहीं इससे पहले उन्होंने क्रिकेट मैदान में वापसी की भी इच्छा जतायी थी। उन्होंने हालांकि से नहीं बताया वह कम वापसी करेंगे पर कहा कि वह ऐसे मुकाबले खेलना चाहते हैं जो आनंद के लिए हों और उनमें आईपीएल और एस20 जैसा दबाव न हो। डिविलियर्स ने कहा कि 'मैं जल्द ही क्रिकेट खेल सकता हूं हालांकि, अभी कुछ भी तय नहीं है।' इस दौरान उन्होंने ये भी साफ किया कि अब वह अंतरराष्ट्रीय या कोई पेशेवर क्रिकेट नहीं खेलना चाहते हैं। वह दक्षिण अफ्रीका के लिए आईपीएल में नहीं खेलेंगे। उन्होंने कहा कि मैं आरसीबी या द अफ्रीका टूर या किसी सीरियस खेल की बात नहीं कर रहा हूं। मैं किसी ऐसे जगह खेलना चाहता हूं, जहां मजे कर सकूं और जिससे मेरे बच्चों को भी खुशी मिले। डिविलियर्स ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 114 टेस्ट मैच में 50.66 की औसत से 8765 रन बनाए हैं जिसमें 22 शतक और 46 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं 228 एकदिवसीय मुकाबले में वो 53.50 की औसत से 9577 रन बनाने में विफल रहे। उनके एकदिवसीय में 25 शतक और 53 अर्धशतक हैं। 78 टी20 अंतरराष्ट्रीय में वह 26.12 की औसत और 135 के स्ट्राइक रेट से 1672 रन बना चुके हैं। डिविलियर्स ने आईपीएल के 184 मुकाबलों में 39.71 की औसत और 151 के स्ट्राइक रेट से 5162 रन बनाए।

# शहर की सड़कों को बर्वाद करने और उसे सुधारने के नाम पर की जाने वाली खानापूर्ति पर भी होना चाहिए एफआईआर

## शहरवासी इतने कभी परेशान नहीं हुए होंगे जितने सड़कों को खराब करने से हो रहे हैं

नर्मदापुरम( निप्र)। सीवरेज योजना के नाम जिस बेरहमी से संडकें खोदी गई हैं। सड़कों को बहुत बुरी तरह से बदतर किया गया है। इससे पूरे शहर के नागरिक इतने परेशान हैं कि इससे पूर्व इतने अधिक परेशान शायद ही कभी रहे होंगे। इस तरह शहरवासियों को परेशान करने पर ठेकेदार पर भी एफआईआर होना चाहिए। सिर्फ एफआईआर ही नहीं कड़ी कार्रवाई तुरंत होनी चाहिए। इस योजना के चलते सड़कों की लगातार खुदाई की जा रही है। यह अभियान बीते दो वर्ष से जारी है। सुधार के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। जिससे अनेक दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। लोगों के हाथ पैर टूट रहे हैं। लगागार वाहन खराब हो रहे हैं। लोगों के वाहन में अनावश्यक ईधन बर्वाद हो रहा है। लेकिन ठेकेदार के खाते में राशि पहुंच रही है। बदतर हो चुकी सड़कों पर नागरिकों को वाहन चलाना मुश्किल हो रहा है। शहर में ऐसी कोई सड़क नहीं बची जो खराब नहीं हुई हो। वाहन चालकों के साथ ही पैदल चलने वाले लोग भी परेशान हैं। हालात यह है कि कलेक्ट्रेट के आसपास की सड़कें भी ठीक नहीं हैं। शहर के आंतरिक क्षेत्रों में ही लोगों को वाहनों से आने जाने में बहुत ज्यादा का समय लग रहा है। इसके अलावा दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं।

### वाहन चलाना हो रहा मुश्किल

सड़कों पर गड्ढों की संख्या इतनी अधिक होती जा रही है कि कई क्षेत्रों में दो पहिया वाहन चलाने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदारों को जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है। शहर के आंतरिक मार्गों की हालत दयनीय हो गई है। सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढों के साथ पानी भरा होने व कीचड़ की समस्या से रहवासी और वाहन चालक त्रस्त हो चुके हैं। सड़क पर एक फीट गहरे व तीन फीट लंबे तक गड्ढे हो गए हैं। जिस पर पानी भर जाने के कारण दल दल हो रही हैं। उनमें वाहन पटकाने पर वाहन के क्षतिग्रस्त होने के साथ वाहन चालक को भी दुर्घटना का डर बना हुआ है।



### करोड़ों रूपयों से बनी सड़कों को ठेकेदार कर रहा क्षतिग्रस्त तथाकथित जबावदार बने हुए हैं घृतराष्ट्र व गांधारी

बड़ी मुश्किल से नागरिकों को सड़क की सुविधा मिल पाती है। लेकिन बीते दो वर्ष से बनी बनाई सड़कों को अनचाही अमृत योजना के नाम पर खोदकर बर्वाद किया जा रहा है। बीच सड़क से पाइप लाइन बिछाने के नाम पर पहले सड़कों की खुदाई की जाती है। उसके बाद उसकी मिट्टी को एक पखवाड़े या महिनों के लिए सड़कों पर ही पड़ी रहने दी जाती है। जैसे शहर में कोई रहता ही नहीं हो। नर्मदा नगरी के सीधे सच्चे लोग अपनी सहनशक्ति का परिचय देते हुए चुपचाप खुदी हुई सड़कों से गड्ढों से अपने वाहन निकालते रहते हैं। तकलीफ भोगते रहते हैं। जब ठेकेदार की मर्जी होती है तब खुदी हुई सड़कों पर लीपापोती करते हुए सुधार के नाम पर मलहम पट्टी लगाकर छोड़ देता है। सड़कों के बीच में जो चेंबर के नाम पर कार्य होता है उसे भी आधा अधूरा छोड़ दिया जाता है। तथाकथित जनप्रतिनिधि ठेकेदार को कुछ कहने से डरते हैं। या उनकी मिली भगत से सब हो रहा है। शहर के लोग ही कहते हैं कि शहर के जबावदार घृतराष्ट्र और गांधारी बने हुए हैं।

### तथाकथित अधिकारियों को क्या करना ?

शहर की सड़कें टूंटे फूटे बर्वाद हो इससे तथाकथित अधिकारियों को क्या करना उनकी तो नौकरी हो ही रही है। वे तो मुसाफिर हैं उन्हें आज इस शहर में नौकरी करना है कल कहीं और लाखों रूपये हर महिने सरकार देगी ही। इसलिए उन्हें जो गिने चुने दिन महिने साल मिले हुए हैं उतने समय टाइम पास करते हुए समय गुजार रहे हैं। उनकी आंख पर भी पट्टी बंधी रहती है।

### प्रभारी मंत्री को कराया जा चुका अवतग

नर्मदा जयंती और रामजी बाबा की बैठक लेने आए प्रभारी मंत्री राकेश सिंह को भी इस परेशानी से अवगत करा दिया है। उन्होंने कलेक्टर से भी जानकारी ली सोनिया मीना ने उनको सच्चाई से अवगत करा दिया।

# आभूषण निर्माण का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं नें कलेक्टर को तिरंगे आभूषण भेंट किया



नर्मदापुरम( निप्र)। नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की पहल तथा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय नर्मदापुरम के क्षेत्रीय प्रबंधक रजत मिश्रा के मार्गदर्शन में ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसी उद्देशय से ग्राम तवानगर केसला में आभूषण निर्माण प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिसमें 31 महिलाएं प्रशिक्षण ले रही हैं ताकि। प्रशिक्षण प्राप्त महिलाएं आगे जाकर अपना स्वरोजगार स्थापित कर सकेंगी। इसी क्रम में आज 24 जनवरी 2025 को महिला प्रशिक्षणार्थियों द्वारा कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के लिए गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में तीन रंग में रंगे हुए तिरंगे आभूषण का निर्माण कर भेंट किया गया। जिसमें सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के स्टाफ प्रकाश वासनिक तथा रश्मि गुप्ता भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महिला प्रशिक्षणार्थियों द्वारा कलेक्टर सुश्री मीना को उनकी इस पहल के लिए धन्यवाद दिया गया साथ ही गणतंत्र दिवस की शुभकामना वीडियो संदेश द्वारा भेजा गया।

# संयुक्त परामर्शदात्री की बैठक सम्पन्न

## विभिन्न संघों के पदाधिकारी रहे शामिल



नर्मदापुरम (निप्र)। किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग नर्मदापुरम में शुक्रवार को उप संचालक कृषि जेआर हेड़ाऊ की अध्यक्षता में संयुक्त परामर्शदात्री की बैठक कार्यालयीन सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में अंजु नारोलिया अध्यक्ष संयुक्त मोर्चा, एनआर हरियाले अध्यक्ष अजाक्स संघ, अरविंद तिवारी अध्यक्ष लिपिकवर्गीय कर्मचारी संघ। अभिमन्यु सिंह जिलाध्यक्ष लघुवेतन कर्मचारी संघ पुरुषोत्तम राजपूत वाहन चालक संघ दिनेश हांडा अध्यक्ष स्वास्थ्य कर्मचारी संघ शैलेन्द्र सिंह तोमर अध्यक्ष मप्र तृतीयवर्ग कर्म संघ सुंदर नारायण शर्मा सचिव मप्र कर्मचारी संघ राममाऊ वाल्के अध्यक्ष कर्मचारी कांग्रेस केवलराम संतोरे वाहन चालक संघ शिवम पांडेय जिलाध्यक्ष राजस्व कर्मचारी संघ विकास पटेल अध्यक्ष मप्र कृषि विस्तार अधिकारी संघ उपस्थित रहे तथा कृषि विभाग के अधीनस्थ स्तर के अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में उप संचालक कृषि श्री हेड़ाऊ द्वारा सभी उपस्थित कर्मचारी प्रतिनिधियों का स्वागत किया तथा विभागीय गतिविधियों से अवगत कराते हुए बताया कि विभाग में किसी भी कर्मचारी अधिकारी के स्वत्वों का भुगतान लंबित नहीं है। जिस पर सभी कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उप संचालक कृषि को धन्यवाद दिया तथा भविष्य में भी ऐसी ही स्थिति बनाये रखने का अनुरोध किया है।

बैठक में 30 जून को सेवानिवृत्त हुए अधिकारी कर्मचारियों को काल्पनिक वेतनवृद्धि स्वीकृत किये जाने के पश्चात् भी ग्रेच्युटी एवं अवकाश नगदीकरण के एरीयर हेतु बार बार सीएम हेल्प लाईन लगाने पर विभाग को होने वाली असुविधा के बारे में भी चर्चा की गई सभी प्रतिनिधियों ने इसे उचित नहीं बताया तथा यह मुद्दा जिला स्तरीय बैठक में उठाने हेतु निर्णय लिया। बैठक का संचालन मप्र राज्य कर्मचारी संघ के राजेश चौरे के द्वारा किया गया तथा अंत में पंकज तिवारी सहायक ग्रेड.02 द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में 06 स्कूल के विद्यार्थी देंगे रंगारंग प्रस्तुति

नर्मदापुरम (निप्र)। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित किया जाएगा। मुख्य समारोह में जिले के 06 स्कूल एवं एक कॉलेज के विद्यार्थी आर्कषक नृत्य एवं रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे। जिला शिक्षा अधिकारी एसपीएस विसेन ने बताया कि मुख्य समारोह में शासकीय हाई स्कूल भरगदा के विद्यार्थी वंदे मातरम पर क्लासिकल नृत्य की प्रस्तुति देंगे। शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय नर्मदापुरम के छात्र छात्राएं चकदे इण्डिया फिल्म के गीत कुछ करिये कुछ करिये नश नश मेरी खोले पर नृत्य की, एवं शासकीय सीएम राईज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवारखेडा के विद्यार्थी बार बार हो अपनी जीत हो उनकी हार हो पर आर्कषक नृत्य की प्रस्तुति देंगे। केम्पियन हायर सेकेण्डरी स्कूल के विद्यार्थी डारा डोर के रे गीत पर आदिवासी लोक नृत्य कर्मा की प्रस्तुति देंगे।

# लोक निर्माण विभाग निर्माणाधीन सड़कों को जल्द से जल्द पूर्ण करें : कलेक्टर

## ढिलाई बरतने वाले ठेकेदारों की विरुद्ध अनुबंध समाप्ति की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए कलेक्टर ने की विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों की समीक्षा



नर्मदापुरम( निप्र)। लोक निर्माण विभाग अपनी निर्माणाधीन सड़कों का कार्य जल्द से जल्द समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। कार्य में ढिलाई बरत रहे ठेकेदारों के विरुद्ध पेनल्टी अधिरोपित की जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर उनका अनुबंध समाप्त कर किसी अन्य ठेकेदार से कार्य को पूर्ण कराया जाए। उक्त निर्देश कलेक्टर सोनिया मीना ने शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित जिले में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति समीक्षा की बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों को दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग, पीआईयू, एमपीआरडीसी, जल संसाधन विभाग, एमपीईबी, आरईएस, ग्रह निर्माण विभाग आदि विभागों द्वारा जिले में किए जा रहे निर्माण विभागों की विस्तार पूर्वक समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभागवार निर्माण कार्यों कि अनुबंध स्थिति, कार्य समाप्ति की दिनांक, निर्माण कार्य में होने वाले व्यय तथा प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ईई लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया है कि आगामी 1 माह के भीतर मालखेड़ी रायपुर रोड का कार्य पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। यदि ठेकेदार द्वारा कार्य करने में शिथिलता बरती जा रही है तो उसका अनुबंध निरस्त करते हुए किसी अन्य ठेकेदार से उक्त कार्य को संपन्न कराएं। कलेक्टर द्वारा निर्देश दिए गए की कोई भी निर्माण कार्य की तय सीमा के भीतर कार्य करवाया जाए, कार्य पूर्ण न होने की स्थिति में संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध पेनल्टी अधिरोपित की जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर उनका अनुबंध भी निरस्त किया जाए। उन्होंने 2022 के बाद स्वीकृत निर्माणाधीन सड़कों का कार्य आगामी मार्च 2025 तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने मालाखेड़ी रायपुर मार्ग, महादेव, धूपगढ़ मार्ग पचमढ़ी, कुलामड़ी, सुपरली, पाहनबर्री, पालादेवरी बाईपास आदि मार्गों की प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया है कि जिन सड़कों के निर्माण में भू अर्जन की समस्या आ रही हो ऐसे प्रकरणों के लिए विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ कमिश्नर एवं सभी अधिकारियों ने ली मतदाता दिवस की शपथ

नर्मदापुरम( निप्र)। 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता दिवस की शपथ ली गई। आयुक्त सभा कक्ष में नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर के जी तिवारी एवं अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ ली। शपथ के अंतर्गत लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखना तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली गई। उल्लेखनीय है कि 25 जनवरी 2025 को शासकीय कार्य दिवस न होने के कारण राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ 24 जनवरी को प्रात: 11:00 बजे ली गई। कलेक्टर सभाकक्ष में भी सभी जिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ ली।



## गणतंत्र दिवस समारोह की अंतिम रिहर्सल हुई, सीईओ श्री रावत ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली

नर्मदापुरम( निप्र)। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह नर्मदापुरम जिले में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस से पूर्व शुक्रवार को पुलिस परेड ग्राउंड में गणतंत्र दिवस समारोह की अंतिम रिहर्सल हुई। अंतिम रिहर्सल में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौजान सिंह रावत ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। अंतिम रिहर्सल के दौरान स्कूली बच्चों ने पीटी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रिहर्सल किया। सीईओ सौजान सिंह रावत ने खुली जीप में परेड का निरीक्षण किया। परेड दल ने हर्ष फायर की अंतिम रिहर्सल की।इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्रा, संयुक्त कलेक्टर अनिल जैन, सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत उपस्थित रहे।



## नर्मदापुरम जिले में गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामय एवं उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा

### मुख्य समारोह में कलेक्टर सोनिया मीना ध्वजारोहण करेंगी

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम जिले में 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस समारोह पूर्ण गरिमामय एवं उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेगी एवं मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगी।गणतंत्र दिवस के मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण करेंगी, तत्पश्चात राष्ट्रीय गान होगा। कलेक्टर सुश्री मीना 09:05 बजे से 09:20 बजे तक सलामी परेड, परेड निरीक्षण एवं 09:20 बजे से 09:50 बजे तक प्रदेश के मुख्यमंत्री जी का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगी ।

### 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2025 को जिला स्तरीय समारोह का किया जाएगा आयोजन

नर्मदापुरम (निप्र)। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2025 को प्रात: 1100 बजे संभागायुक्त नर्मदापुरम के.जी. तिवारी की अध्यक्षता में कार्यालय कलेक्टर के रेवा भवन स्थित सभागार में जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा।

# अवकाश लेने का अधिकार छीन रही है नगरपालिका मजदूर संघ ने लगाया आरोप

नर्मदापुरम( निप्र)। भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध नपा मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष महेश वर्मा ने बताया है कि अतीत में हिटलर का नाम वैसे ही बदनाम है क्योंकि आज के परिवेश में हिटलर कि मानसिकता रखने वाले प्रशासनिक अधिकारियों की कमी नहीं है शासकीय अधिकारियों के अंदर हिटलर कि आत्मा का समागम हो गया है जिसका उदाहरण नगरपालिका में दिखाई देता है अपनी हिटलरसाही का उदाहरण तत्कालीन सीएमओ वर्ष 2015 से लेकर आजतक परिचय दे रहे हैं वर्तमान में पदस्थ नगरपालिका सीएमओ के द्वारा प्रताड़ना के मामले में नया कीर्तिमान स्थापित किया है जल प्रदाय विभाग राजस्व विभाग में साप्ताहिक अवकाशों के लाभ कर्मचारियों को नहीं दिये जा रहें हैं लेकिन मासिक वेतन पत्रकों पर साप्ताहिक अवकाश प्राथमिकता के साथ दर्ज किये जाते हैं इसके अलावा कर्मचारियों से छमता से अधिक कार्य लिया जा रहा है मुख्यमंत्री आन लाइन शिकायत के निराकरण में क्या बाधाएं आ रही हैं उसका निराकरण न करके कर्मचारियों के मासिक वेतन रोक दिये जाते है। कर्मचारी बीमार हो जाए कहीं पारिवारिक उत्सव या स्कूल कालेज कि समस्या मौत हो जाये या अन्य कोई समस्या हो तो उनको साप्ताहिक सीएलए ईएल मेडिकल अवकाश लेने का अधिकार नहीं है सेवानिवृत्त होने के चार माह पूर्व पदस्थ सहायक राजस्व निरीक्षक कर्मचारी के द्वारा मेडिकल अवकाश लिया गया था जिसका भुगतान सेवानिवृत्त होने के दो माह बाद भी स्थापना शाखा, लेखाशाखा के द्वारा नहीं किया गया है जब पता किया गया तो ज्ञात हुआ है कि नगरपालिका सीएमओ कि हठधर्मिता के कारण मेडिकल अवकाश का भुगतान रोका गया है हाईकोर्ट जबलपुर कि याचिका क्रमांक डब्ल्यूपी 198,2024 में साप्ताहिक अवकाश का विषय भी रखा गया है जिसके अनुसार दिनांक 15-01-2015 से आजतक यानि प्रतिवर्ष 52 दिनों कि गणना के अनुसार पीड़ित कर्मचारी को नगरपालिका के द्वारा भुगतान किया जाएगा साप्ताहिक या अन्य अवकाशों के लाभ नगरपालिका सीएमओ के द्वारा नहीं दिये जाने से एस एसटी ओबीसी सामान्य सभी वर्गों के कर्मचारी इस हिटलरशाही से पीड़ित व दुखी हैं मजदूर संघ से इस विषय पर झूठे भ्रमित पत्राचार स्थापना शाखा के द्वारा किये जाते हैं जिनकी प्रमाणिकता नगरपालिका सीएमओ के द्वारा कि जाती है।

नगरपालिका सीएमओ की कार्यशैली से पार्षद, पत्रकार, आमजन कर्मचारी पीड़ित व परेशान हैं इसको लेकर शासन से लेकर प्रशासन तक मंत्री से लेकर संतरी तक शिकायत पत्रों के माध्यम से मजदूर संघ के द्वारा अवगत कराया गया है कोई सुनने को तैयार नहीं है।

चपरासी से बना बाबू उसको लेखा शाखा का सर्वे सर्वा नगरपालिका सीएमओ के द्वारा बनाकर रखा गया है जिसके ऊपर 644 फाईलों के भुगतान की जांच किए गए भ्रष्टाचार को लेकर विचाराधीन इस बाबू को प्रशासनिक राजनैतिक संरक्षण प्राप्त है जांच दबाने को लेकर संचनालय नगरीय प्रशासन के आयुक्त को आर्थिक रूप से सादा गया है ऐसी आम चर्चाएं व्याप्त है नगरपालिका सीएमओ को भी राजनैतिक संरक्षण प्राप्त है जिसके कारण अपनी ढपली अपना राग जैसे मुहावरे को सार्थक किया जा रहा है।

### फिल्म टूरिज्म के लिए जिला प्रशासन हर संभव मदद करेगा : कलेक्टर

नर्मदापुरम (निप्र)। ख्यात फिल्म मेकर नरेन कुमार ने शुक्रवार को जिला कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना से सौजन्य भेंट की। नरेन कुमार जॉली एलएलबी, जॉली एलएलबी 2, मैडम चीफ मिनिस्टर जैसी कई फिल्मों के साथ साथ लोकप्रिय वेब सीरीज महारानी के निर्माता है। नरेन कुमार ने कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना से भेंट के दौरान जिले में फिल्म टूरिज्म संवर्धन को लेकर सार्थक चर्चा हुई। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने नरेन कुमार को आश्वस्त किया कि टूरिज्म संवर्धन के लिए जिला प्रशासन हर संभव मदद करेगा। नरेन कुमार ने बताया कि 2020 से वे लगातार जिले में फिल्मांकन कर रहे है उनकी लोकप्रिय वेब सीरीज महारानी के तीन सीजन की शूटिंग भोपाल, नर्मदापुरम, चंदेरी आदि जगहों पर की है।

## राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का किया गया आयोजन




नर्मदापुरम( निप्र)। कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के मागदर्शन में शुक्रवार 24 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम राज्य सभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया के आतिथ्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अनिल कुमार जैन संयुक्त कलेक्टर नर्मदापुरम,ललित कुमार डेहरिया जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नर्मदापुरम, व्ही.पी.गौर सहायक संचालक, प्रमोद गौर परियोजना अधिकारी नर्मदापुरम ग्रामीण, श्रीमती प्रीति यादव परियोजना अधिकारी नर्मदापुरम शहरी, पर्यवेक्षक, कार्यकर्ता, हितग्राही बालिकायें एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि द्वारा सरस्वती पूजन एवं कन्या पूजन के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा का परिचय ललित कुमार डेहरिया जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को दिया गया।



## राष्ट्रीय चालक दिवस पर हुआ चालकों का "शॉल श्रीफल" से सम्मान

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम के स्थानीय बस स्टेण्ड में आरटीओ अधिकारी श्रीमती निशा चौहान, यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा, बस ऑपरेटर आर जे फौजदार, सोनू पहलवान, विजेंद्र कुचबंदिया, बंटी गोयल एवं स्थानीय लोगों की उपस्थिति में जिले में संचालित बसों के चालकों का राष्ट्रीय चालक दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान किया गया। क्योंकि बस चालकों द्वारा यात्रियों को सुरक्षित यात्रा तथा सामानों का परिवहन करवाया जाता है और देश की प्रगति में अपना अमूल्य योगदान दिया जाता है, इस कारण वाहन चालकों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से ऐसे वाहन चालकों का सम्मान किया गया, जिन्होंने अपना संपूर्ण समय वाहन चलाते हुए नियमों का पालन किया एवं सुरक्षित यात्रा के माध्यम से यात्रियों को आपने गंतव्य स्थान तक पहुंचाया।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com